सुविचार

ईश्वर से की गई प्रार्थना इन शक्तियों को विकसित करने में मदद करती है।

अब्दुल कलाम

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 2 ■ अंक 201 ■ जबलपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये


### स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर हुई, पहली बार कोई भारतीय ISS गया था

# स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

**कैलिफोर्निया।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की आज यानी 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे ISS पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। शुभांशु की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं। शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन- गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

## 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु

शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।

शाम 4:45 बजे ISS से पृथ्वी के लिए निकले थे शुभांशु



14 जुलाई को दोपहर करीब 02:15 बजे क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में पहुंचा।
शाम 4:45 बजे स्पेसक्राफ्ट ISS के हार्मनी मॉड्यूल से अनडॉक हुआ।
15 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ।

18 दिन स्पेस स्टेशन में शुभांशु ने क्या-क्या किया

60 वैज्ञानिक प्रयोग: शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी' प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।

**प्रधानमंत्री से बात:** 28 जून 2025 को शुभांशु ने ISS से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

छात्रों से संवाद: 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के प्रति रुचि बढ़ाना था।

ISRO के साथ संवाद: 6 जुलाई को उन्होंने ISRO के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।

पृथ्वी की तस्वीरें: शुभांशु ने ISS के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

शुभांशु शुक्ला ने ISS के कपोला मॉड्यूल की खिड़कियों से धरती का खूबसूरत नजारा देखा। शुभांशु शुक्ला ने ISS के कपोला मॉड्यूल की खिड़कियों से धरती का खूबसूरत नजारा देखा।

## 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु का ये अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। ये भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसके 2027 में लॉन्च होने की संभावना है। भारत में एस्ट्रोनॉट को गगनयात्री कहा जाता है। इसी तरह रूस में कॉस्मोनॉट और चीन में ताइकोनॉट कहते हैं।

## एक्सियम-4 मिशन का हिस्सा हैं शुभांशु शुक्ला

शुभांशु शुक्ला एक्सियम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जिसकी एक सीट के लिए भारत ने 548 करोड़ रुपए चुकाए हैं। यह एक प्राइवेट स्पेस फ्लाइट मिशन है, जो अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम, NASA, इसरो और स्पेसएक्स की साझेदारी से हो रहा है।

# कांवड़ यात्रा-क्यूआर कोड विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से कथित तौर पर "क्यूआर कोड" प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर दोनों राज्यों को एक सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। गत 11 जुलाई से शुरू कांवड़ यात्रा आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह, हुजेफा हमदी और शादान फरासत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखने उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार शेठी पेश हुए। प्रो. झा ने याचिका में दलील देते हुए कहा है कि वे (निर्देश) शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है जो "ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने" की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए



जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड-आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यताओं या किसी भी अन्य ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की, जिससे विक्रेताओं के मालिक होने की पहचान या धार्मिक पहचान का खुलासा होता हो।

# बिहार वोटर लिस्ट से 30 लाख नाम कटेंगे

**पटना।** बिहार में वोटर लिस्ट बनाने और उसे अपडेट करने का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। चुनाव आयोग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 मतदाताओं में से अब तक 6 करोड़ 60 लाख 67 हजार 208 लोगों ने अपना फॉर्म भर दिया है। ये कुल का 88.18 प्रतिशत है। यानी अब सिर्फ 11.82 प्रतिशत मतदाताओं का ही फॉर्म भरना बाकी रह गया है। आयोग ने बताया कि घर-घर जाकर दो बार BLO ने सर्वे किया। इसमें पता चला कि 1.59% यानी 10 लाख 50 हजार 468 वोटर्स की मौत हो चुकी है। वहीं, 2.2% यानी करीब 14 लाख 53 हजार 478 लोग BLO को मिले ही नहीं। बताया गया कि वो हमेशा के लिए दूसरी जगह चले गए हैं।

**29.86 लाख लोगों के नाम लिस्ट से कटेंगे-** इसके अलावा



0.73 प्रतिशत, यानी 4 लाख 82 हजार 290 लोगों का नाम दो जगह दर्ज पाया गया। इन तीनों वर्गों को मिलाकर देखा जाए तो कुल 29 लाख 86 हजार 237 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कटेगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि अभी भी लगभग 11 दिन बाकी हैं। आयोग का प्रयास है कि राज्य का कोई भी योग्य वोटर छूटे नहीं। जो लोग बिहार से बाहर चले गए हैं, उनके लिए भी अखबारों, सोशल मीडिया, कॉल और सीधी बातचीत के जरिए सूचना दी जा रही है। आयोग चाहता है कि सभी लोग अपना फॉर्म समय पर भरें, ताकि उनका नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में प्रकाशित हो सके। यह लिस्ट 1 अगस्त को जारी की जाएगी।

### मॉडल Y के दो वैरिएंट: फुल चार्ज पर 500km और 622km की रेंज

# टेस्ला की भारत में पहली कार लॉन्च



**मुंबई।** इलॉन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने पहली इलेक्ट्रिक SUV मॉडल Y को भारत में लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि ये कार एक बार फुल चार्ज में 622 किलोमीटर तक चल सकती है। कार में सेफ्टी के लिए 8 एयरबैग के साथ लेवल-2 एडास जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इलेक्ट्रिक कार को भारत में दो वैरिएंट- रियर व्हील ड्राइव (RWD) और लॉन्ग रेंज रियर व्हील ड्राइव (RWD) में पेश किया गया है। इसकी RWD वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 60 लाख रुपए है। वहीं लॉन्ग रेंज वैरिएंट की कीमत 68 लाख रुपए है। जबकि, ग्लोबल मार्केट में ये कार ऑल व्हील ड्राइव ऑप्शन के साथ भी आती है। कार की बुकिंग शुरू कर दी गई है। आप कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट से 22 हजार रुपए की टोकन मनी देकर इसे बुक कर सकते हैं। ईवी की डिलीवरी अक्टूबर से शुरू की जाएगी।

**एक्सटीरियर में क्या नया:**
अपडेटेड व्हील्स, टायर्स और ब्रेक्स + स्मूथ राइड के लिए रिट्यून्ड सस्पेंशन
सिंगल, क्रॉस-कार लैंप दुनिया की पहली इनडायरेक्ट रिफ्लेक्टिव टेललाइट इंटीरियर में क्या नया: एम्बिएंट इंटीरियर लाइटिंग, रिफाइंड मटेरियल्स और वेंटिलेटेड फर्स्ट-रो सीट्स पावर फोल्डिंग सेकंड-रो सीट्स पीछे 8 इंच की ब्लूटूथ-कंपैटिबल टचस्क्रीन चारों तरफ एकॉस्टिक ग्लास की वजह से शांत केबिन इनविजिबल स्पीकर्स, जो मिनिमलिस्ट लुक के साथ मैक्सिमम ऑडियो परफॉर्मेंस देते हैं

**दो और प्रोजेक्ट पर काम कर रही टेस्ला**

**1. बिना स्टीयरिंग और पैडल वाली 'साइबरकैब'**

टेस्ला CEO ने पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुए 'वी-रोबोट' इवेंट में अकफीचर वाली अपनी पहली रोबोटैक्सी 'साइबरकैब' का कॉन्सेप्ट मॉडल रिवील किया था। दो सीट वाली इस टैक्सी में न तो स्टीयरिंग है, न ही पैडल। कंज्यूमर 30,000 डॉलर (करीब 25 लाख रुपए) से कम में टेस्ला साइबरकैब खरीद सकेंगे।

**साइबरकैब में न तो स्टीयरिंग, न ही पैडल**

साइबरकैब को चलाने की कॉस्ट 20 सेंट प्रति माइल यानी करीब 16 रुपए प्रति 1.6 किलोमीटर पड़ेगी।
इसे चार्ज करने के लिए किसी तरह के प्लग की जरूरत नहीं होगी, यानी इसमें वायरलैस चार्जिंग दी गई है।
साइबरकैब फुली सेल्फ ड्रिवन इलेक्ट्रिक कार है, जिसमें किसी तरह की स्टीयरिंग व्हील और पैडल नहीं है।
कैबिन काफी कॉम्पैक्ट है और इसमें सिर्फ 2 पैसेंजर बैठ सकते हैं। डैशबोर्ड पर एक फ्लैट स्क्रीन दी गई है।



### मृतकों के परिजनों ने जताई नाराजगी

# 'ये अमीर लोग...', पुणे पोर्श कार हादसे के आरोपी पर नाबालिग की तरह चलेगा केस

**पुणे पोर्श कार हादसे के आरोपी पर नाबालिग की तरह चलेगा केस**

**नई दिल्ली।** किशोर न्याय बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल पुणे में नशे की हालत में पोर्श कार चलाने और दो लोगों को कुचलने के आरोपित 17 वर्षीय लड़के पर नाबालिग की तरह मुकदमा चलाया जाएगा। कोर्ट के इस फैसले पर मृतक इंजीनियरों के पिता ने नाराजगी जताई है। घटना में मारे गए अनीश अवधिया के पिता ओम प्रकाश अवधिया और मृतक अश्विनी कोष्टा के पिता सुरेश कोष्टा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी, सरकार द्वारा बर्खास्त किए गए बोर्ड सदस्यों की जगह किसी और की नियुक्ति नहीं की गई। तो फिर एक महीने के अंदर ही लोगों की नियुक्ति और फैसले कैसे लिए गए, उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे।

**आरोपी के साथ होना चाहिए वयस्क जैसा व्यवहार-** दरअसल, एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, घटना में मारे गए अश्विनी कोष्टा के पिता सुरेश कोष्टा ने कहा कि शुरूआत में ही पूरे देश ने किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाई थी। एक व्यक्ति जो शराब पीकर गाड़ी चला रहा था, उसे किशोर कैसे माना जा सकता है। मुझे लगता है कि उसके साथ वयस्क जैसा व्यवहार करने का कोई सवाल ही नहीं होना चाहिए था। वहीं, अनीश अवधिया के पिता ओम प्रकाश अवधिया ने कहा कि शुरू से ही साफ था कि हमें क्या मिलेगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि ऐसा कुछ न हो। अब जब ऐसा हो ही गया है, तो हम क्या कह सकते हैं? उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों हो रहा है, ये तो नहीं पता, लेकिन ये अमीर लोग हैं।

## पिछले साल का है मामला

राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरने वाली यह दुर्घटना पिछले साल 19 मई को कल्याणी नगर इलाके में हुई थी। इसमें मोटरसाइकिल सवार आइटी पेशेवर अनीश अवधिया और उनके दोस्त अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। पुणे पुलिस ने पिछले साल आरोपित पर एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की मांग की थी।

## पुलिस ने क्या दिया था बयान?

पुलिस का कहना था कि उसने एक "जघन्य" कृत्य किया है क्योंकि न केवल दो लोगों को कुचलकर मार डाला गया, बल्कि सबूतों से छेड़छाड़ करने की भी कोशिश की गई। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार, मंगलवार को किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपित लड़के पर एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की पुलिस की याचिका खारिज कर दी। किशोर न्याय बोर्ड 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाला एक न्यायिक निकाय है। यह बोर्ड किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों की देखभाल और संरक्षण करना है। बहरहाल, पिछले साल 19 मई को हुई दुर्घटना के कुछ ही घंटों बाद आरोपित किशोर को जमानत मिल गई थी। जमानत की हल्की शर्तों ने देश भर में विवाद खड़ा कर दिया था। इसमें उससे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा गया था। तीन दिन बाद उसे पुणे सिटी के एक सुधार गृह में भेज दिया गया था। 25 जून, 2024 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने उसे तुरंत रिहा करने का निर्देश देते हुए कहा कि किशोर न्याय बोर्ड द्वारा उसे सुधार गृह भेजने का आदेश अवैध है और किशोरों से संबंधित कानून का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए।




# एमपी पीएससी: उम्मीदवारों को बड़ा झटका, अब सामान्य वर्ग की तरह 40 वर्ष तक ही कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) ने एक बड़ा और असरदार फैसला लेते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को मिलने वाली पांच साल की आयु छूट को समाप्त कर दिया है। यह निर्णय मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है, जिससे अब ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को अन्य सामान्य वर्ग की तरह अधिकतम 40 वर्ष की आयु सीमा में ही आवेदन करना होगा।**

## क्या था पुराना नियम?

फरवरी 2022 में आयोग ने ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को SC, ST और OBC वर्ग के समान 45 वर्ष तक की आयु छूट का लाभ देना शुरू किया था। इसके बाद से आयोग की कई परीक्षाओं में EWS वर्ग के हजारों उम्मीदवारों को इस सुविधा का लाभ मिला। लेकिन अब, MPPSC द्वारा जारी नवीनतम नोटिफिकेशन के अनुसार, यह लाभ समाप्त कर दिया गया है।

## हाईकोर्ट का निर्देश क्यों आया?

हाईकोर्ट में इस नियम को लेकर चुनौती दी गई थी कि आयु में छूट केवल आरक्षित वर्गों के लिए लागू होती है, जबकि ईडब्ल्यूएस वर्ग को संविधान में सिर्फ 10% आरक्षण का प्रावधान दिया गया है, न कि आयु छूट जैसी सुविधाएं। कोर्ट ने यह माना कि ईडब्ल्यूएस को सामाजिक रूप से पिछड़ा वर्ग नहीं माना गया है, इसलिए उन्हें आयु सीमा में छूट देना नियमों के विरुद्ध है।

## इस फैसले का असर किन पर होगा?

- जिन ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों की उम्र 1 जनवरी 2025 तक 40 वर्ष से अधिक हो चुकी है, वे आगामी परीक्षाओं में आवेदन नहीं कर सकेंगे।
- वर्तमान में प्रक्रियाधीन परीक्षाएं, जैसे कि राज्य सेवा परीक्षा, वन सेवा परीक्षा आदि में यह नियम तुरंत प्रभाव से लागू होगा।
- आयोग को 2022 से अब तक आयु छूट के आधार पर चयनित ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द करनी पड़ सकती है।

**प्रभावित होंगे हजारों उम्मीदवार-** इस आदेश से बड़ी संख्या में ईडब्ल्यूएस वर्ग के युवाओं को झटका लगा है। वे जो आयु छूट के कारण परीक्षा में शामिल हुए थे, अब उनकी नियुक्तियां भी संकट में पड़ सकती हैं। कई उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया पर इस फैसले का विरोध भी शुरू कर दिया है और इसे असमानता भरा निर्णय बताया है।

## MPPSC का आधिकारिक नोटिफिकेशन

आयोग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया 'अब से ईडब्ल्यूएस वर्ग को आयु में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। उन्हें सामान्य वर्ग के समान अधिकतम 40 वर्ष की सीमा में आवेदन करना होगा। यह आदेश हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में पारित किया गया है।'




**योजना का कौन उठा रहा लाभ, नकली खाद बीज का हो रहा विक्रय किसानों के साथ किया जा रहा है छलावा जिम्मेदार मौन**

# कृषि विभाग की गतिविधि संदिग्ध....?







**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कृषि विभाग की मिली भगत से अवैध कारोबार चल रहा है कई दुकान अवैध तरीके से खाद बीज के संचालित हो रहे हैं जिनके खिलाफ सही कार्यवाही नहीं की जा रही है पिछले दिनों जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम पिंडरई में एक दुकान के खिलाफ कार्यवाही करने की नौटंकी की गई थी बाद में सब कुछ रफा दफा कर दिया गया है।**

जांच के नाम पर औपचारिकता पूरी की जा रही है मध्य प्रदेश के मंडल जिले में जहां देखो वहां अवैध तरीके से खाद बीज का विक्रय किया जा रहा है जिनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है ना इस तरह की दुकानों को बंद कराया जा रहा है बल्कि कृषि विभाग पर ही आरोप लग रहे हैं कि उनकी ही मिली भगत से संपूर्ण मंडला जिले में इस तरह का अवैध का अनुपात चल रहा है पिछले दिनों जिला मुख्यालय मंडला के ग्राम पेटेगांव स्थित उत्तम ट्रेंड्स के खिलाफ जनसुनवाई के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों की दबिश की खबर आई थी। लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई सामने आई, न ही किसी अधिकारी की ओर से स्पष्टीकरण आया है। मंडला जिले में एक बार फिर वही पुरानी कार्यशैली देखने को मिल रही है – आवाज उठी, अफसर निकले, और फिर सबकुछ ठंडे बस्ते में पढ़ा हुआ है। कृषि विभाग की यह रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या कार्रवाई सिर्फ मीडिया और कागजों तक सीमित थी? क्या यह दौरा महज दिखावा था? और सबसे बड़ा सवाल – क्या नकली बीज-खाद बेचने वालों पर विभाग की मेहरबानी है?

किसानों की उम्मीदें हर बार ऐसे ही कुचली जाती हैं। अगर यही हाल रहा, तो मंडला जिले में किसानों का भरोसा सरकारी तंत्र से पूरी तरह उठ जाएगा। कार्रवाई के साथ-साथ जवाब चाहिए ऐसी जन अपेक्षा है

### योजनाओं का बुरा हाल

कृषि विभाग की योजनाओं के बुरे हाल हैं इस विभाग की योजनाओं का लाभ आखिरकार कौन उठा रहा है यह जांच का विषय हो जाने के बावजूद जांच पड़ताल नहीं की जा रही है किसानों को यदि खाद बीज बाजार से खरीदना पड़ रहा है तो फिर कृषि विभाग आखिरकार क्या कर रहा है कृषि विभाग द्वारा खाद बीज का वितरण आखिरकार ज्यादा से ज्यादा क्यों नहीं किया जा रहा है किसान सवाल कर रहे हैं किसानो की मांग है कि कृषि विभाग की सभी योजनाओं का हकीकत की धरातल में क्रियान्वयन कराया जाए ताकि किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## लोन के नाम पर धोखाधड़ी के अपराध का मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**रेवांचल टाईम्स - मंडला,** थाना भुआ बिछिया के अंतर्गत ग्राम खमरोटी निवासी सुखचैन उद्दे और उसके साथियों के द्वारा गांव गांव में जाकर महिलाओं को समूह बनाकर माइक्रो फाइनेंस कंपनी से एक से अधिक लोन दिलाकर हितग्राही महिलाओं से रुपए मांग कर लोन की सभी किस्तों का भुगतान करने का वादा कर लोन के रुपए का भुगतान नहीं करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 238/ 25 धारा 318 ( 4 ) 3 ( 5 ) बी.एन.एस. का कायम का विवेचना में लिया गया था मामले में दो आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका था मामले का मुख्य आरोपी सुखचैन उद्दे पिता वीर सिंह उद्दे उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम खमरोटी थाना बिछिया जो अपराध कायमी दिनांक 18-06-25 से लगातार फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना बिछिया से टीम का गठन किया गया बिछिया पुलिस टीम के द्वारा आज दिनांक 14.7.2025 को मामले के मुख्य आरोपी सुखचैन उद्दे को ग्राम देई दानीटोला रोड से गिरफ्तार किया गया है जिसे दिनांक 15/07/25 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और सुखचैन उद्दे को जेल वारंट कर दिया गया है।

## कौन करेगा बारिश से हुई नुकसान की भरपाई ...?

**जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, किसानों की फसल**

### हुई खराब, कई तरह का हुआ नुकसान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** बरसात इस बार ऐसी हो रही है कि कुछ.कहा नहीं जा सकता.है लोग कह रहे हैं कि ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी इस बार लगातार बारिश हो रही है अतिवृष्टि की वजह से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सभी नदी, तालाब, डेम,बांध इत्यादि लबा-लब भर गए हैं और जरूरत से ज्यादा पानी इन सभी जल स्रोतों में समाहित हो गया है लेकिन बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि लोगों का जीना मुश्किल हो गया है लगभग सभी परेशान.हैं नागरिकों के साथ-साथ पालतू पशुओ की परेशानीबढ़ गई है किसानो की फसल खराब हो गई है पानी की वजह से किसानों के साथ-साथ लगभग सभी अपने-अपने जरूरी काम नहीं कर पा रहे हैं किसानो की जो फसल खराब हुई है एवं अन्य तरह का जो भी नुकसान हुआ है किसी के मकान गिरे हो या जो भी नुकसान हुआ हो उस नुकसान का आकलन शासन प्रशासन द्वारा कब किया जाएगा नागरिक सवाल कर रहे हैं कहीं पुलिया टूट गई है तो कहीं सड़क.बह गई है तो कहीं भवन गिर गए हैं हर तरह का आकलन शासन प्रशासन द्वारा आखिरकार कब किया जाएगा नागरिक सवाल कर रहे हैं नागरिकों का कहना है कि बारिश को दृष्टिगत रखते हुए सभी तरह के जरूरी इंतजाम संपूर्ण मंडला जिले में शासन प्रशासन द्वारा किए जाएं एवं जो भी क्षति हुई है संपूर्ण जिले में सभी तरह की नुकसान का आकलन करके उस नुकसान की भरपाई की जावे ऐसी जन अपेक्षा है।

**पुलिस विभाग कर रहा है,**

### मनमानी चलानी कार्यवाही...

**दैनिक रेवांचल टाइम्स - मंडला आदिवासी बाहुल्य जिला भी अजब है पर गजब हैं यहां पर जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी जाती हैं और अधिकारी कर्मचारी को जिस काम के लिए पदस्त किया जाता हैं, वह अपने कार्य पर नदारद नजर आता है इसी प्रकार की कार्यप्रणाली जिला परिवहन विभाग की नजर आ रही जहाँ पर जिले की सड़कों में ओवर लोड डंफर, बस और ट्रेक्टरों आतंक मचाया हुआ पर ये परिवहन विभाग को नजर आता और न ही पुलिस विभाग क्योंकि इसके पीछे की वजय हप्ता और महीना का भी हो सकता है।**

वहीं दूसरी ओर जिले का परिवहन विभाग कभी- कभी जागरूकता दिखा कर चलानी कार्यवाही कर अपनी इति श्री कर लेता हैं। तो एक तरफ वही पुलिस विभाग अपने अपने थाना क्षेत्रों में आम जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए होती हैं, परन्तु टाइम बेटाइम चालानी कार्यवाही कर आमजनता को परेशान करने में पुलिस विभाग भी पीछे नहीं हटती। जिले में ऐसे बहुत से थाने हैं जहां पर टाइम बेटाइम जांच के नाम पर अवैध वसूली करने से पीछे नहीं हटते कभी हेलमेट के नाम पर तो कभी पीयूसी और सीटबेल्ट की जांच के नाम पर अवैध वसूली करते हुए नजर आती हैं। एक ओर जहां सरकार सड़क सुरक्षा अभियान के नाम पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जाता हैं और आमजनता को

## जिले में ओवर लोड वाहनों को छूट क्योंकि परिवहन विभाग कोमे पर






जागरूक करने का काम किया जाता हैं। वही जिले में सड़क किनारे पुलिस विभाग के द्वारा कही पर भी कभी भी जांच के नाम पर रोड जाम करने का काम किया जाता हैं। इस स्थिति में रोड जाम होने के कारण एक्सीडेंट होने की पूरी संभावनाएं बनी रहती हैं। तो एक ओर पुलिस विभाग द्वारा दो पहिया वाहनों की छोटे मोटी चालानी कार्यवाही कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती हैं। तो एक तरफ सड़कों पर ओवर लोड वाहन बेझिझक और बेधड़क पुलिस विभाग की चालानी कार्यवाही के दौरान पुलिस के नजरों के सामने से बड़ी आसानी से निकल जाते हैं। जिससे कि आमजनता के मुंह से एक ही शब्द निकलता हैं कि ये नियम ओर कानून सिर्फ हम जैसे छोटे मोटे आदमियों के लिए होते हैं न कि बड़े पैसों वालों के लिए। अब सवाल यह खड़ा होता हैं कि चालानी कार्यवाही या अन्य नियम और कानून आमजनता के लिए बस होते हैं तो क्या फिर बड़े पैसो वाले के लिए भी...??

## हमारा यही संदेश, नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश

**मंडला में बच्चों ने तख्ती लेकर**

### निकाली रैली, मंत्री संपतिया उइके ने दिखाई हरी झंडी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला जिले में नशा मुक्ति को लेकर एक बड़ा जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान की शुरूआत मंगलवार को पुलिस लाइन से रैली निकालकर हुई। इसे प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर भ्रमण करते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंची, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त मंडला बनाने की शपथ दिलाई। यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा, जिसमें प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संगठनों और आम जनता की व्यापक भागीदारी होगी।

**गांव से लेकर कॉलेज तक चलेगा जनजागरण**- मंत्री उइके ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के छात्र, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पुलिस व जनप्रतिनिधि सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। हम जनप्रतिनिधि इसमें पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से युवाओं को अवगत कराने की बात दोहराई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जानकारी दी कि यह अभियान प्रदेश शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। इसमें स्कूलों, कॉलेजों, समाजसेवी संगठनों और विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य का नहीं, सामाजिक और पारिवारिक विनाश का भी कारण है। इस अभियान के जरिए हम इसे जड़ से उखाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।"

**अभियान के तहत ये गतिविधियां होंगी:**

रैली, शपथ कार्यक्रम और पर्चे वितरित कर जनजागरण।

स्कूल-कॉलेजों के पास गुटखा-तंबाकू की दुकानों पर रोक लगाने की सख्ती।

नशा प्रभावित क्षेत्रों (हॉटस्पॉट) में जागरूकता कार्यक्रम और परामर्श शिविर।

**4 हितग्राहियों को लाभ वितरण**

## युवा संगम मेले में 18 का प्रारंभिक और 4 का अप्रेंटिसशिप चयन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंगलवार को जिला प्रशासन मण्डला के निदेर्शानुसार, जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन नगरपालिका टाउन हॉल मण्डला में आयोजित किया गया। मेले में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की चार प्रतिष्ठित कम्पनियों ने भाग लिया एवं मेले में कुल 41 युवाओं ने पंजीयन कराया। रोजगार युवा संगम मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री नरेश सिंधिया, पार्षद एवं अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं मेले के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कम्पनियों द्वारा 18 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन एवं 4 का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन किया गया तथा 4 हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रबंधक शेफाली अग्रवाल द्वारा मंच का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला के महाप्रबंधक श्री एनके वास्कले, प्रबंधक श्री प्रदीप जायसवाल, आईटीआई प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आनंद मरावी, श्री डी.के. शाहू, जिला रोजगार कार्यालय मण्डला एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## मंगलवार को बिछिया क्षेत्र के 43 बूथ लेवल ऑफिसर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित प्रशिक्षण स्थलों पर किया जा रहा है।**

मंगलवार को जिले के विधानसभा क्षेत्र 105-बिछिया (अजजा) के मतदान केन्द्र क्रमांक 82 से 124 तक कुल 43 बीएलओ के लिए सीएम राईज स्कूल अंजनिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 105-बिछिया (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के कुल 43 बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ के कर्तव्य, फार्म 6,7,8 को भरना, मोबाईल ऐप से फार्मों को ऑनलाईन करना, डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान बीएलओ के कर्तव्य आचरण, केस स्टडी, ग्रुप स्टडी, गहन पुनरीक्षण आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र के बाद प्रशिक्षणार्थी बीएलओ का गूगल लिंक के माध्यम से टेस्ट भी लिया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार उक्त प्रशिक्षण को प्राप्त करना सभी बीएलओ के लिए अनिवार्य है। जानबूझकर अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**जनपद सदस्यों ने बीजाडांडी सीईओ पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप, सौंपा ज्ञापन**

## मनरेगा निर्माण कार्यों में वेंडरों से 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहे बीजाडांडी सीईओ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला जिले की जनपद पंचायत बीजाडांडी में सीईओ वासंती दुबे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। मंगलवार को जनपद सदस्यों ने उपाध्यक्ष विजेंद्र मोंटू यादव के साथ जिला मुख्यालय पहुंच कर प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपा है। जनपद सदस्यों का आरोप है कि मनरेगा निर्माण कार्यों में वेंडरों से 10 प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा है। आवंटन होने के बाद भी पिछले 20 दिनों से बिलों का भुगतान रुका हुआ है। समग्र आईडी विभाजन में कंप्यूटर ऑपरेटर के जरिए हितग्राहियों से पैसे मांगे जा रहे हैं।

**सांसद निधि के निर्माण कार्यों में भी एजेंसियों से पैसे की मांग-** पंचम वित्त, पंद्रहवें वित्त, विधायक और सांसद निधि के निर्माण कार्यों में भी एजेंसियों से पैसे की मांग की जा रही है। जनपद कार्यालय के कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। जबकि इसके लिए आवंटन उपलब्ध है। सदस्यों ने चेतावनी दी है कि अगर सीईओ को पद से नहीं हटाया गया तो वे कार्यालय में तालाबंदी और आंदोलन करेंगे।

**सीईओ बोली- पंचायत करवाती है निर्माण कार्य-**मामले पर सफाई देते हुए सीईओ वासंती दुबे ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य ठेकेदारों से नहीं, पंचायत की ओर से किए जाते हैं। दुबे ने कहा कि समग्र आईडी का काम आम जनता द्वारा कराया जाता है। इस संबंध में उनकी ओर से तो कोई शिकायत नहीं मिली है। एक दिन पहले जनपद के लेखपाल को निलंबित किया गया था। लेखपाल की जनपद सदस्यों पर खास कृपा थी, इसलिए यह शिकायत की गई है।

## डाकघरों में आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट- एक डिजिटल परिवर्तन पहल

डाक विभाग को अगली पीढ़ी के APT एप्लीकेशन की शुरूआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है ,जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग है। इस परिवर्तनकारी पहल के हिस्से रूप में ,उन्नत प्रणाली /नए सॉफ्टवेयर को मंडला में सभी डाकघरों में दिनांक 22.07.25 को लागू किया जायेगा, इस उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए ,दिनांक 21.07.25 (सोमवार) को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है ' दिनांक 21.07.25 को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जायेगा 'सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माईग्रेसन सिस्टम सत्यापन और कन्फिगरेसन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है ,जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके ।APT एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक , अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मार्ट कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम अपने मूल्यवान ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि कृपया डाकघर सम्बन्धी कार्य उक्त दिनांक से पूर्व करवा लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान हमारे साथ धैर्य रखें ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए गहरा खेद है और आपको आश्वस्त करते हैं कि ये कदम हर नागरिक को बेहतर ,तेज और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएँ प्रदान करने के हित में उठाये जा रहे हैं।

जारीकर्ता :-अधीक्षक डाकघर मंडला

संभाग मंडला -481661

**डाक विभाग संचार मंत्रालय भारत सरकार**


15.07.25



## मछली पकड़ने गया युवक वैनगंगा नदी में बहा

# नदी की झाड़ियो को पकड़े रहा फंसा, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यु कर बचाई जान





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मंगलवार को वैनगंगा नदी में मछली पकड़ने गया नगर के फारेस्ट कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय युवक भानुप्रताप गणेश दुबे नदी में पानी के तेज बहाव में करीब 100 मीटर तक बहते चला गया। इसी दौरान युवक ने, नदी के बीच झाड़ियो को पकड़ लिया और वहां फंस गया। वैनगंगा नदी में युवक के झाड़ियो को पकड़कर, फंसे होने की सूचना के बाद पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने, वैनगंगा नदी के तेज बहाव के बीच, युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। दरअसल, मंगलवार को पुलिस और एसडीईआरएफ को युवक के वैनगंगा नदी में फंसे होने की जानकारी मिली थी। नदी किनारे से केवल उसका चेहरा नजर आ रहा था। जहां, वह लगभग एक घंटे से फंसा पड़ा था।

बताया जाता है कि युवक, छोटे पुल में मछली पकड़ने गया था। जहां पैर स्लिप हो जाने से वह नदी के तेज बहाव में बह गया था। जिसकी सूचना के बाद पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम वैनगंगा नदी पहुंची। यहां नदी में पानी के तेज बहाव के कारण, एसडीईआरएफ की टीम को भी रेस्क्यु करने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।





एसडीईआरएफ के दो जवान, सुरक्षा उपकरणों के साथ, जब नदी में उतरे तो पानी के तेज बहाव के कारण, वह भी उसके पास नहीं पहुंच सके। जिसके बाद टीम ने नदी में नाव उतारी, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण, नाव भी युवक तक नहीं पहुंच पा रही थी। इसी दौरान बड़े पुल से एक रस्सी फेंकी गई, जो धार के साथ युवक के पास पहुंची। जिसे युवक को पकड़ना था लेकिन एक प्रयास में वह भी रस्सी नहीं पकड़ सका। जिसके बाद दूसरे प्रयास में युवक को रस्सी के सहारे, एसडीईआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला।

इस पूरी कार्यवाही में एसडीईआरएफ प्रभारी श्याम सिंह धुर्वे, घनश्याम सोनकर, करणसिंह, विशाल रजक, विशेष कुतरहे, योगेश बघेल, हीरालाल टेकाम, परसराम, देवेंद्र गेडाम और सिविल डिफेंस सदस्य विशाल राहंगडाले की टीम कड़ी मशक्कत के बाद, युवक तक पहुंची और उसे रस्सी के सहारे बाहर तक लाया। थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि तकरीबन 30-40 मिनट से युवक वैनगंगा नदी में फंसा था। जिसकी सूचना के बाद पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने उसे बाहर निकाला गया। जिसे ईलाज के लिए पूछा गया लेकिन उसके स्वस्थ्य होने पर, उसे घर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह नदी में पानी के तेज बहाव को देखते हुए नदी के करीब ना जाए।



## संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप की अध्यक्षता में 15 जुलाई को संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक सीएमएचओ कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ, मप्र वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ, मप्र राज्य कर्मचारी संघ, मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मप्र कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति, समय सीमा में अनुकंपा नियुक्ति, कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, वनांचल क्षेत्र में सेवा देने वाले कर्मचारियों का वर्ष में 02 बार परिक्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य शिविर एवं प्राथमिक उपचार किट मुहैया कराए जाने, मान्यता प्राप्त संगठनों के कर्मचारियों के लिए स्टेण्ड पॉस, नर्सिंग ऑफिसर्स की हडताल के दौरान वेतन कटोत्री की वापसी, जिला चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी प्रदान किया जाना, जिले में सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू की पीबीआई, टीबीआई राशि का भुगतान, जिला एवं अधीनस्थ कार्यालयों में संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर का छायाचित्र कार्यालय में लगाया जाना, समस्त भृत्य, लिपिक, कर्मचारी संवर्ग की 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में वरिष्ठता सूची संधारित किया जाना सहित कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## कुमादेही एवं खुरमुंडी में सर्पदंश से बचाव के लिए जन जागृति कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला सेनानी रजनी खटीक के मार्गदर्शन में जिले में सर्पदंश से बचाव के लिए निरंतर जनजागृति कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 15 जुलाई को परसवाडा तहसील अंतर्गत ग्राम कुमादेही तथा खुरमुंडी के ग्राम पंचायत भवन में सर्प दंश से होने वाली घटना एवं घटना में सावधानियों, लक्षण, आपातकालीन नम्बर एवं पीडित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के उपाय के संबंध में अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों के द्वारा सर्पदंश जन जागृति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद अध्यक्ष सम्मल सिंह धुर्वे, पटवारी ज्ञानी सिंह कुसरे सचिव युवराज पटले, किशन टेकाम की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में पटवारी, सचिव, आगनवाडी एवं ग्रामीणजन सहित दोनो ग्रामों के लगभग 70 से 80 व्यक्ति उपस्थित रहे। जन जागृति कार्यशाला के प्रभारी महेश कुमार उइके एएसआई, कमलेश मेरावी, राजेश धुर्वे, आशीष खरोले एवं वाहन चालक चितेश्वर राहंगडाले उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी, पुलिस ने नशामुक्त अभियान में निकाली विद्यार्थियों और ग्रामीणों की रैली, टीआई बोले नशे से परिवार हो होता परेशान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

शासन के निर्देशानुसार, प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए, बालाघाट पुलिस ने, नशे से दूरी है जरूरी, थीम को लेकर नशामुक्त अभियान की जिले में 15 जुलाई से शुरूआत की। जो आगामी 30 जुलाई तक चलेगा, मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी आदर्शकांत शुक्ला के साथ पुलिस अधिकारियों ने अभियान की थीम को लेकर पोस्टर लांच किया। जबकि दूसरी ओर जिले के लामता में नशामुक्ति जनजागृति अभियान को लेकर लामता नगर में पुलिस विभाग, ग्रामीणो और स्कूल विद्यार्थियों ने, एक नशामुक्त अभियान रैली निकाली। जो नगर के विभिन्न चौराहों से होकर बस स्टैंड गांधी चौक लामता पहुंची। जहां सभी ने नशा से दूर रहने के लिए शपथ ली।

सरपंच हुलासमल कोचर ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी नशा की ओर बड़ रही है, जिसके लिए यह अभियान, नशे को रोकने में सार्थक होगा। उन्होंने सभी को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। लामता थाना प्रभारी नितिन पटेल ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पुलिस विभाग नशा मुक्त अभियान चला रहा है। जिसमें नशे से शरीर पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया जाएगा और लोगों को नशा ना करने की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नशा की लत से नशा करने वाला ही नहीं, बल्कि उसका पूरा परिवार भी परेशान होता हैं।






# मोदी की गारंटी ढूंढने कलेक्ट्रेट पहुंचा किसान संघ, कहा किसानो से वादा नहीं हुआ पूरा

### पंजाब और हरियाणा की तरह किसानों को दे डीएसआर पद्धति अपनाने पर 5 हजार रूपए एकड़ प्रोत्साहन राशि

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मंगलवार को राष्ट्रीय किसान संघ ने किसानो से जुड़ी समस्याओं और उनकी मांगो को कलेक्टर के समक्ष रखा। संघ ने मांग की, कि जिले में नकली खाद, बीज के मामले की जांच करें और किसानो, को जिले में इस बिक्री नहीं होने को लेकर संतुष्ट करें तथा डीएसआर पद्धति से खेती में प्रोत्साहन और टरफा योजना के तहत सब्सिडी की राशि प्रदान करें।

संघ की मांग है कि जिले में नक्सली खाद, बीज के मामले सामने के बाद, इस मामले में कार्यवाही क्या हुई इसकी कोई जानकारी किसानों को नहीं है, जिससे किसान भ्रमित है कि वह जो खाद और बीज खरीद रहा है, वह असली या है नकली। जिसकी प्रशासनिक स्तर पर जांच की जाए, ताकि किसानों को असली और नकली विक्रेताओ के बारे में पता चल सके और वे, वहां से खाद, बीज का क्रय कर सके।




दूसरी बड़ी मांग जिले के किसानों की यह है कि डीएसआर पद्धति से फसल लगाने वाले किसानों को पंजाब और हरियाणा सरकार की तरह, 5 हजार रूपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाए, ताकि पर्यावरण और खेती खर्च से कम होने वाली, इस खेती की ओर ज्यादा से ज्यादा किसानों का रूझान बड़े। संघ संयोजक ईश्वरीप्रसाद बिसेन ने आरोप लगाया कि चुनाव के पहले मोदी गारंटी के नाम किसानो से किए गए वादे, सरकार पूरे नहीं कर सकी है। इसलिए आज हम, कलेक्टर में मोदी की गारंटी ढूंढने आए है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की प्रदेश में लागु टरफा योजना के तहत दलहन फसलो में किसानों को मिलने वाली सब्सिडी, अब तक नहीं मिल सकी है, जो करोड़ो में है।

# बालाघाट तक चलाई जाए पेंचवेली एक्सप्रेस, उपभोक्ता संरक्षण समिति ने की बैठक, समिति अध्यक्ष ने कहा रेल महाप्रबंधक और सांसद को लिखेगी पत्र

### तहसील अध्यक्षो के नामो की घोषणा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** रेल प्रशासन ने इंदौर से सिवनी तक चलने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस को नैनपुर तक बढाया गया है, जिसे बालाघाट तक चलाए जाने की मांग, उपभोक्ता संरक्षण समिति की बैठक में उठी। जिस पर समिति ने तय किया कि पेंचवेली एक्सप्रेस, सुबह नैनपुर पहुंचकर पूरे दिन नैनपुर में ही खड़ी रहती है, जिससे, इसे बालाघाट तक बड़ाए जाने की मांग की जाएगी। जिसके लिए समिति, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर और सांसद को एक पत्र भेजेगी।



उपभोक्ता संरक्षण समिति की प्रबंधकारिणी की बैठक, संतोष असाटी की अध्यक्षता में आहूत की गई थी। जिसमें लामटा की श्रीमती रानू ठाकुर के भारतीय जीवन बीमा निगम से किए गए पत्राचार के बावजूद, बीमा निगम के दुर्घटना बीमा राशि न दिए जाने, पर मामले को जिला उपभोक्ता आयोग में दायर होने और महिला सुनीता उईके को बंधन बैंक बालाघाट द्वारा स्वीकृत लोन से कम राशि दिये जाने एवं संपूर्ण लोन पर ब्याज सहित मूल ऋण राशि वसूले जाने और दी गई कम राशि मय ब्याज के उपभोक्ता को वापस न किये जाने के प्रकरण पर समिति की ओर से लगातार पत्राचार किये जाने के बावजूद भी उक्त राशि वापस नहीं किये जाने की स्थिति में यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण की जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक को दी जाकर, प्रकरण जिला उपभोक्ता आयोग में भी पंजीबद्ध करवाया जाएगा।

समिति के नवीन सदस्य, संजीव (चीनू) जैन को प्रबंधकारिणी में सदस्य भी मनोनीत किया गया। बैठक में तय किया गया कि समिति, भविष्य में स्कूलों और छात्रावास का निरीक्षण कर, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेगी।

बैठक में उपभोक्ता संरक्षण समिति संरक्षक सुरजीतसिंह छाबडा, लोचनसिंह देशमुख, अध्यक्ष संतोष असाटी, हरीराम सावलानी, भीवाजी उके, सुरेश रंगलानी, पवन चंदानी, डॉ. गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव, राजेश कुमार गांधी, संतोष जैन (देवडिया), हीरासिंघ भाटिया, एल.डी. मेश्राम, हेमराज शर्मा, सुरेश टांक, उदयसिंह मर्सकोले, प्रकाश मेश्राम, मोनिल जैन, एड. जितेन्द्र जैन, सुश्री शोभारानी पिल्लई, श्रीमती मंजुला तिवारी, श्रीमती प्रतिमा काम्बले और एड. श्रीमती प्रीतेश्वरी तेकाम उपस्थित रहे।



### तहसील अध्यक्षों की घोषणा

उपभोक्ता संरक्षण समिति ने सम्पूर्ण जिले में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने और उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों की जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जिले की समस्त तहसीलों में अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जिसमें जसवंत पुरी को कटंगी, कृष्णा सिंह लिल्हारे को खैरलांजी, कैलाश डहारे को लालबर्रा, सुखसिंह नेताम को बैहर, और मोहगांव में बैजू, तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जिले की शेष परसवाडा, बिरसा, किरनापुर, लांजी, वारासिवनी, लामटा एवं बालाघाट तहसीलों में भी शीघ्र ही तहसील अध्यक्ष पद का मनोनयन किया जाएगा।

### सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का प्रिंट नि:शुल्क मिलेगा

# 16 जून से 15 जुलाई तक चले 'आपके द्वार निरामयम् 2.0' अभियान का आज से होगा विराम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** आयुष्मान भारत 'निरामयम'' राज्य स्वास्थ्य एजेंसी मध्यप्रदेश के द्वारा आयुष्मान बनाने वाले कर्मचारियों एवं एजेंसियों में नई ऊर्जा, उत्साह, उमंग का संचार करने लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाये जाते है इससे सामान्य जनता भी योजनाओं के प्रति जागरूक होती है। आयुष्मान विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 16 जून से 15 जुलाई 2025 तक 'आपके द्वार निरामयम् 2.0' अभियान चलाया गया, जिसके तहत बालाघाट नगर में आयुष्मान कार्ड बनाने वाली संस्था सीएससी सर्च इन्फोटेक द्वारा भी घरघर जाकर पात्र नागरिकों के लगभग 130 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस संबंध में संस्था की आयुष्मान शिविर प्रभारी श्रीमति नूतन ताम्रकार द्वारा बताया कि 16 जुलाई 2025 को 'आपके द्वार आयुष्मान 2.0' अभियान के समापन पर 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड का पेपरप्रिंट निःशुल्क मिलेगें, जिसे नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र पर आकर प्राप्त कर सकते है। इसके लिये उन्हें आधारकार्ड एवं लिंक मोबाईल के साथ आना होगा। नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र प्रभारी श्री राकेश वर्मा ने बताया कि माननीय



कलेक्टर मृणाल मीना एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सराफ द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास करके पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है जिला प्रशासन के जनकल्याणकारी कार्यो में सहयोग के लिए हमारा छोटासा प्रयास है जो निरंतर जारी रहेगा। गौरतलब है कि नगर में स्वास्थ्य विभाग की आशा बहनों द्वारा भी विभागीय दैनिक कार्यों के साथसाथ, हितग्राहियों के घरघर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है जो अभियान के उपरांत भी निरतंर जारी रहेगा।

## संपादकीय

### नशे से दूरी है जरूरी ... अभियान से आगे बढ़कर बनानी होगी सामाजिक क्रांति



मुकेश श्रीवास
9340553112

मध्यप्रदेश में "नशे से दूरी है जरूरी" नामक वृहद अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के साथ हुई है। यह संदेश सिर्फ एक औपचारिक उद्घोषणा नहीं, बल्कि हमारे समाज के भविष्य की हिफाजत का आह्वान है। यह अभियान यदि केवल कागजी न रहकर जमीन पर उतरता है तो निश्चित रूप से प्रदेश की युवा पीढ़ी को बबार्दी के गर्त में जाने से रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने ठीक ही कहा कि "नशा एक सामाजिक बुराई है, जो युवाओं, परिवारों और समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है।" यह कोई नई बात नहीं, लेकिन यह जरूर नया है कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री इस सच्चाई को इतनी स्पष्टता और गंभीरता के साथ सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं। यह एक साहसी स्वीकारोक्ति है ... और इस स्वीकारोक्ति से कार्रवाई की ज़िम्मेदारी भी जुड़ती है।

**समाज का केंसर बन चुका है नशा-** आज के दौर में नशा सिर्फ शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल पाउडर, फार्मा ओवरडोज और ई-सिगरेट्स ने स्कूली बच्चों से लेकर कॉलेज के युवाओं तक को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। सबसे खतरनाक यह है कि यह लत अब केवल शहरी नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों तक पहुँच चुकी है। इस पृष्ठभूमि में यह अभियान उम्मीद की एक किरण जरूर है। डीजीपी श्री कैलाश मकवाना ने जब इस जन-जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया, तब एक संकेत साफ था ... यह सिर्फ पुलिस का काम नहीं, बल्कि समाज का सामूहिक उत्तरदायित्व है।

**महज पोस्टर-बैनर से नहीं रुकेगा नशा-** इस अभियान में सेल्फी पॉइंट्स, सोशल मीडिया हैशटैग्स, नुक्कड़ नाटक, एफएम पर संदेश जैसी गतिविधियाँ अच्छी पहल हैं, पर ये सतही प्रयास हैं। नशे के दलदल में धँसे युवाओं को सिर्फ पोस्टर या गाने से बाहर नहीं निकाला जा सकता। इसके लिए सख्त कानून, सक्रिय पुलिसिंग और पुनर्वास केंद्रों की बुनियादी व्यवस्था जरूरी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रदेश के अनेक हिस्सों में गुटखा, गांजा और स्मैक की खुली बिक्री होती है ... कभी पान की गुमटी पर, तो कभी स्कूली बच्चों के सामने। छात्रावासों में नशे की आपूर्ति कोई नई बात नहीं है। क्या इन जगहों पर छापे मारने और सख्ती से रोकने का तंत्र पहले से ही तैयार है?

**नैतिकता का भाषण नहीं, वैकल्पिक मार्ग देना होगा-** युवाओं को "नशा मत करो" कहना जितना आसान है, उतना ही जरूरी है यह समझना कि वो नशा कर क्यों रहे हैं? क्या यह बेरोजगारी की हताशा है? या सामाजिक असुरक्षा? क्या यह पठन-पाठन से दूर होती संवेदनहीन शिक्षा व्यवस्था है? जब तक हम इन सवालों की तह में नहीं जाएंगे, तब तक कोई भी अभियान स्थायी बदलाव नहीं ला सकेगा। "युवा संगम", "ओजस क्लब", "प्रहरी क्लब", "उमंग मॉड्यूल" ... ये नाम सुनने में अच्छे लगते हैं, लेकिन क्या इनमें वह भावनात्मक पकड़ और मार्गदर्शन है जो नशे की लत से जूझ रहे एक किशोर को वापस जिंदगी की ओर खींच सके?

**धार्मिक संस्थानों और समाजसेवी संगठनों की भूमिका-** ब्रह्माकुमारी, गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, हार्टफुलनेस जैसी संस्थाएं इस मुहिम में साथ आई हैं ... यह स्वागतयोग्य है। इन्हीं की तरह स्थानीय गुरुद्वारे, मस्जिद, चर्च और मंदिरों को भी इस अभियान में उतारना होगा, क्योंकि इनमें ही समाज की भावनात्मक जड़ें बसी हैं।

**हेल्पलाइन नंबर और ऐप्स ... जागरूकता से ज्यादा जरूरत है एक्शन की-** 1933 और 14446 नंबर तथा ठउइ टअठअर वेबसाइट और टल्लँ३ अस्त्रस्त्र जैसी डिजिटल व्यवस्थाएं अच्छी शुरूआत हैं, लेकिन इन्हें मूल्यांकन और निगरानी के दायरे में लाना होगा। वरना ये भी भारत सरकार की अन्य हेल्पलाइनों की तरह बस औपचारिकता बनकर रह जाएंगी।

**अंत में यही कहा जा सकता है कि ...** "नशे से दूरी है जरूरी", लेकिन सिर्फ कहने से नहीं, करने से होगी। यह एक सामाजिक युद्ध है, जिसमें सरकार को प्रहरी की भूमिका निभानी होगी और समाज को सैनिक की। तब जाकर बनेगा एक ऐसा मध्यप्रदेश जो सिर्फ भौगोलिक रूप से नहीं, मानसिक और नैतिक रूप से भी 'स्वस्थ प्रदेश' कहलाए।

# सस्ते कर्ज से बढ़ेगी आर्थिक रफ्तार

उम्मीद करें कि पिछले दिनों रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती किए जाने के अहम फैसले के बाद रिजर्व बैंक और सरकार यह ध्यान रखेंगी कि बैंकों के द्वारा रेपो रेट में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को मिले। खासतौर से कर्ज के लाभ छोटे और मझौले उद्योगों तक पहुंचें। इन दिनों भारत के विकास से संबंधित प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि अब भारत में सस्ते कर्ज से आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। अब रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमत्तापूर्ण समीकरण स्थापित किया है। इससे बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक उपायों के बाद शेयर बाजार में उछाल आया है। इस समय आरबीआई के द्वारा ब्याज दर घटाने के कई महत्वपूर्ण आधार हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा महंगाई अप्रैल 2025 में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। मई में खुदरा महंगाई दर सिर्फ 2.82 प्रतिशत रही।



मई 2025 की खाद्य महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत इस साल जून में 27.1 रुपए रही, जो पिछले साल जून में 29.4 रुपए की थी। हालांकि, इस साल मई के 26.2 रुपए की तुलना में यह महंगी हो गई है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आने से घर में बन रही शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत जून में सालाना आधार पर घट गई है। इसी तरह, मांसाहारी थाली इस साल जून में 54.8 रुपए की रही, जो पिछले साल इसी महीने में 58 रुपए की थी। हालांकि, यह भी मई के 52.6 रुपए की तुलना में महंगी हो गई है। टमाटर एक साल में 42 रुपए से 24 फीसदी गिरकर 32 रुपए किलो हो गया है, लेकिन मासिक आधार पर 36 फीसदी महंगा है, क्योंकि आवक में आठ फीसदी की भारी कमी आई है। यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी ब्याज दर में कमी का कारण है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कृषि उत्पादन का जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, इस अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इसके साथ ही गेहूं, धान, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन, धान का उत्पादन 14.90 करोड़ टन, मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन, मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन, दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन, तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन, मूंगफली का उत्पादन 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का उत्पादन 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग ने इस साल 2025 में देश में मॉनसून के दौरान औसत से 5 फीसदी अधिक वर्षा के अनुमान प्रस्तुत किए हैं और मानसून ने समय पूर्व दस्तक भी दे दी है। ऐसे में सस्ते कर्ज के बीच अच्छी फसल और अच्छे मानसून से सरकार को महंगाई नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-2026 में खुदरा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

निश्चित रूप से नए मौद्रिक उपायों से न सिर्फ नकदी में सुधार होगा, बल्कि बैंकों को फंड की लागत घटाने में भी मदद मिलेगी। सीआरआर में कटौती से दिसंबर 2025 तक बैंकिंग व्यवस्था में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए की प्राथमिक नकदी आएगी। ऐतिहासिक रूप से सामान्य समय में सीआरआर 4 प्रतिशत के सामान्य स्तर पर रखा जाता है। अत्यधिक आवश्यक होने पर कोविड-19 महामारी के दौरान सीआरआर घटाकर 3 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया था। ब्याज दर घटने से उद्योग-कारोबार के लिए विकास के मौकों के साथ आम आदमी को सस्ते कर्ज के लाभ होंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। खास तौर से हाल ही में मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल एस्टेट उद्योग की मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देगें। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ब्याज दर घटने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ? में भी मदद मिलेगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 जीडीपी में उम्मीद से कम 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। अब चालू वित्त वर्ष में सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने वाला सकारात्मक संदेश है। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। सस्ते कर्ज से कई और लाभ मिल सकते हैं। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद है। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश बढ़ेंगे। इस वर्ष ब्रिटेन के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ होने वाले मुक्त व्यापार समझौतों के मद्देनजर देश के उद्योग-कारोबार क्षेत्र को सस्ते कर्ज से विकास के मौके बढ़ेंगे। खास तौर से ब्याज दर घटने से विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ऐसे में सस्ते कर्ज के आधार पर भारत चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी विकास दर को प्राप्त करने वाले देश के रूप में एक बार फिर दुनिया में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इतना ही नहीं, ब्याज दर घटने से इसी वर्ष 2025 तक भारत की आर्थिकी के चौथी बड़ी आर्थिकी बनने की पूर्ण संभावनाएं साकार होते हुए दिखाई देंगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2028 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा। इस रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढकर 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगी और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी। उम्मीद करें कि पिछले दिनों रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती किए जाने के अहम फैसले के बाद रिजर्व बैंक और सरकार यह ध्यान रखेंगी कि बैंकों के द्वारा रेपो रेट में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को मिले। खासतौर से कर्ज के लाभ छोटे और मझौले उद्योगों सहित विभिन्न वर्गों तक पहुंचें। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकें। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहे। उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक नीति संबंधी फैसलों से उद्योग-कारोबार की गति बढ़ेगी, ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा। साथ ही वैश्विक व्यापार अनिश्चितता व ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था रफ्तार से आगे बढ़ेगी।

## राशिफल

मेष राशि :- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य-व्यवसाय गति उत्तम बनेगी, समय पर कार्य करें।

वृष राशि :- धन प्राप्ति के योग बनेंगे, नवीन मैत्री मंत्रणा प्राप्त होगी, समय का ध्यान रखें।

मिथुन राशि :- इष्ट मित्र सहायक रहेगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, रुके कार्य बनेंगे।

कर्क राशि :- सामाजिक मान-प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, कार्य कुशलता से संतोष, रुके कार्यों पर ध्यान अवश्य दें।

सिंह राशि :- सोचे कार्य परिश्रम से समय पर पूर्ण होंगे, व्यवसाय गति उत्तम होगी, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या राशि :- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा, प्रयास से समस्या का समाधान होगा।

तुला राशि :- दैनिक कार्यगति उत्तम बनेगी तथा व्यवसायिक चिंता अवश्य ही बनेगी, धैर्य पूर्वक कार्य करें।

वृश्चिक राशि :- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, असमंजस का वातावरण रहेगा, कार्य अवरोध होगा, सफलता मिलेगी।

धनु राशि :- स्थिति अनियंत्रित रहेगी, धैर्य एवं शांति से कार्य पर नियंत्रण अवश्य करें, समय का ध्यान रखें।

मकर राशि :- मानसिक चिन्ता, स्वाभाव में मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, समय स्थिति को देखकर कार्य करें।

कुंभ राशि :- योजनायें फलीभूत होंगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे, कष्टकारी परिस्थिति रहेगी।

मीन राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्यकुशलता से संतोष होगा, परिश्रम से लाभ अवश्य होगा।

## सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस अभियान की मदद से बीमा जागरूकता समिति सबसे पहले सुरक्षा पर आधारित वित्तीय योजना को बढ़ावा देती है

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। दिसंबर 2023 के एनआईए अध्ययन के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83% से बढ़कर 2023 में 87% हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90% से ज्यादा की यह कमी और भी ज्यादा साफ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है। इसकी व्यापक्ता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बीमा जागरूकता समिति (इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरूआत की है। यह पहल हर भारतीय को एक नए उत्साह के साथ लाइफ इंश्योरेंस को अपनी वित्तीय यात्रा की बुनियाद मजबूत बनाने, बढ़ती जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी।




अपने मूल में, यह अभियान बुनियादी वित्तीय सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए बचत और निवेश को प्राथमिकता देने की आम आदत को चुनौती देता है। यह इस पर जोर देता है कि लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) किसी भी सुरक्षित वित्तीय योजना की शुरूआत होनी चाहिए। क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा, घर खरीदने और सेवानिवृत्ति जैसे लॉन्ग-टर्म लक्ष्य हासिल करने के लिए एक मजबूत आधार मिलता है। भरोसेमंद कहानी सुनाने और भावनात्मक रूप से दिल-दिमाग में बैठने वाले आख्यानों के जरिए, यह अभियान रोजमर्रा के उन पलों में जान फूँक देता है जो सही मायनों में दाँव पर लगे हैं। यह अभियान न सिर्फ एक अनुबंध के रूप में, बल्कि जीवन के एक औजार के रूप में लाइफ इंश्योरेंस को उसकी खास जगह देता है, जैसे सपनों की रक्षा करना, परिवारों का सहारा बनना और मन की शांति देना।उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव लाने और जीवन बीमा समाधानों के बारे में जागरूकता फैलाने और इसकी पहुँच बढ़ाने के लिए इस अभियान की योजना एक साल तक चलने वाली एक नई पहल के रूप में तैयार की गई है। इसकी पहुँच लोगों तक हो और उन्हें यह हमेशा याद रहे, इसके लिए इसे टेलीविजन, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर आदि सहित कई मीडिया प्लैटफॉर्म पर लागू किया जाएगा।इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी के एक सदस्य ने कहा, सबसे पहले तो यह जान लें कि लाइफ इंश्योरेंस सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह समय की एक साफ-साफ पुकार है कि हम वित्तीय योजना से कैसे जुड़ते हैं, उसके लिए क्या करते हैं। हम अक्सर धन कमाने की कोशिशों में उसकी सुरक्षा को नजरअंदाज करते हैं और यह सोचते हैं कि बाद में देखा जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य इसी मानसिकता को बदलना है। धन कमाने के बाद उसे बचाना भी जरूरी होता है। यह वित्तीय सुरक्षा को सबसे पहले रखना का मामला है, अपने सपने पूरे करने से पहले उनकी सुरक्षा पक्की करने का मामला है। जिस तरह हर संरचना को एक मजबूत बुनियाद की जरूरत होती है, उसी तरह हमें हर वित्तीय योजना को लाइफ इंश्योरेंस के आधार पर रखना चाहिए। हमारा लक्ष्य जागरूकता को कार्रवाई में बदलना है, यह पक्का करना है कि कोई भी भारतीय परिवार आर्थिक रूप से परेशान न हो। यह पहल सुरक्षा की कमियों को कम करने की व्यापक कोशिशों के साथ भी जुड़ती है, जिसमें क्फ्ळअक का 2024 का आदेश शामिल है और इसमें जीवन बीमाकताओं को 25,000 ग्राम- पंचायतों ( ) में कम से कम 10% जिंदगियों को कवर करने की जरूरत है। ये कोशिशें इस पूरे जीवन बीमा उद्योग में व्यापक सुधारों के लिए बेहद जरूरी होंगी और जो विश्वास में सुधार करेंगी। साथ ही, यह सकारात्मक धारणाओं को भी मजबूत बनाएँगी। क्फ्ळअकने भारतीय बीमा सांख्यिकी 2023-24 पर अपनी हैंडबुक में खुलासा किया है कि भारत के बीमाकताओं ने संचयी रूप से, वित्तवर्ष 2023-24 के लिए जीवन बीमा पॉलिसी के 96.82% दावों का निपटान 30 दिनों ( ) के भीतर किया है।

## रोबोटिक कैंसर सर्जरी: सुरक्षित और तेज रिकवरी की एक नई उम्मीद :डॉ. अभिनव देशपांडे

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्कोसर्जरी, मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर कैंसर का सामना करना कभी आसान नहीं होता। लेकिन आज की आधुनिक और नई तकनीक की मदद से कैंसर की सर्जरी अब और भी सुरक्षित, सटीक और कम दर्द वाली हो गई है। कैंसर के इलाज में बहुत ही नई और उन्नत तकनीक में से एक है रोबोटिक ऑन्को सर्जरी झ्र यह एक स्मार्ट और सौम्य सर्जरी है, जिसमें एडवांस रोबोट्स की मदद से कैंसर को हटाया जाता है। रोबोटिक ऑन्को सर्जरी क्या है? रोबोटिक ऑन्कोलॉजिक सर्जरी एक विशेष प्रकार की सर्जरी है, जिसमें डॉक्टर रोबोटिक आर्म्स की मदद से नाजुक कैंसर ऑपरेशन करते हैं। यह रोबोट अपने आप काम नहीं करता, बल्कि इसे एक अनुभवी सर्जन कंट्रोल करता है, जो एक कंसोल (मशीन) पर बैठकर इसे चलाता है।

## सावन आया झूम के

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। विगत दिवस कलचुरी क्लब द्वारा होटल युवराज विजय नगर में सावन माह के आगमन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने अंताक्षरी,गीत संगीत व अन्य खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के रवींद्र शशि चौकसे, राजेन्द्र सीमा राय, श्री चंद कल्पना चौकसे,विद्याशंकर किरण राय, श्याम मनोरमा राय,संदीप प्रीति चौकसे,कौशलेंद्र कल्पना महाजन,राजीव चौकसे,संजय रोजी महाजन,सुरेंद्र जयश्री चौकसे आदि ने सावन का आगाज जोरदार ढंग से किया।







## कॉटन साड़ी के साथ ट्राई करें ये 3 ज्वेलरी सेट, क्लासी और एलिगेंट लगेगा आपका लुक

कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।

जब भी साड़ी स्टाइल करने की बात आती है, तो जरूरी होता है कि आप साड़ी के फैब्रिक के हिसाब से ज्वेलरी को स्टाइल करें। ऐसा करने से आपका लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है। ऐसे में कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इनको वियर करने से आपका लुक क्लासी और एलिगेंट नजर आएगा।

### स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी

कॉटन वाली साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। कॉटम साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें आपको नेकलेस और इयररिंग्स दोनों में स्टोन स्टड का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही इसमें छोटे-छोटे पर्ल भी मिलेंगे, जिससे यह ज्वेलरी काफी क्लासी लगेगी। इससे आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह की ज्वेलरी काफी कम पैसे में मिलेगा।

### घुंघरू वर्क वाली ज्वेलरी

घुंघरू डिजाइन वाली ज्वेलरी को भी आप कॉटन वाली साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। कॉटन साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें भी आपका लुक क्लासी लगेगा। इसमें आप चोकर स्टाइल वाली ज्वेलरी खरीदें और साड़ी के साथ पेयर करके पहनें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। आप मार्केट से 300-400 रुपए तक में इस तरह के ज्वेलरी सेट खरीद सकते हैं।

### मिरर वर्क वाली ज्वेलरी

आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी को भी कॉटन साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी कॉटन साड़ी के साथ काफी अच्छी लगती है। इसको पहनने के बाद लुक भी काफी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। इस ज्वेलरी में छोटे-छोटे डिजाइन में मिरर वर्क मिलेगा।

जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत कर पीड़ितों ने की कार्रवाई की मांग

# सीमांकन और नामांतरण के लिये पटवारी यादवेन्द्र सिंह ने मांगी रिश्वत



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जिले की बरही तहसील में पदस्थ पटवारी यादवेन्द्र सिंह के द्धारा काम के बदले रिश्वत की मांग करने की दो अलग-अलग शिकायत आज जनसुनवाई में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से की गई।**

शिकायतकताओं ने शिकायतों की जांच कराते हुए पटवारी पर कार्रवाई की मांग की है। पहली शिकायत ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा के ग्राम केवलारी निवासी दो सगे भाई सत्येन्द्र सिंह व योगेन्द्र सिंह पिता उदयभान सिंह के द्धारा की गई है। जिसमें कहा गया है कि पटवारी हल्का नं-18 ग्राम मुख्यालय सलैया सिहोरा के अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 को ग्राम केवलारी स्थित खसरा नं 254/1 रकवा 0.40 हेक्टेयर भूमि नापर्ने हेतु लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से सीमांकन आवेदन दिया गया था। जिसके आधार पर 30 अप्रैल 2025 को नापने हेतु न्यायालय तहसीलदार बरही के आदेशानुसार पटवारी यादवेन्द्र सिंह से 2 मई 2025 को दोनो भाई मिले और पटवारी से उपरोक्त खसरे की भमि नाप हेतु आग्रह किया। जिस पर आवेदकों को पटवारी ने यह हिदायत दी गई कि ठीक है आपकी जमीन मे नापकर बता दूंगा परंतु मुझे बार बार फोन न करना क्योंकि मैं अपनी मर्जी अनुसार काम करता हूं। मैं टाईम भी अपने हिसाब से तय करता हूं। नाप करनें में टाईम और मेहनत दोनो लगता है। महत्वपूर्ण स्थान पर आपकी यह भूमि है खर्चा तो देना पड़ेगा इसलिये कम से कम दस हजार रूपया आपको मुझे देना पड़ेगा। हमनें आरआई के सामने नाम कराने की मांग की तो पटवारी ने कहा कि आरआई को बुलाओगे तो और खर्चा बढ़ जाएगा। पटवारी ने कहा कि पैसों का इंतजाम करकें मुझे जब आप दे देंगें तो मैं आपकी जमीन नाप दूंगा। अगर पैसा नहीं दोगे तो मैं अपनी मनमानी से जमीन नापूंगा और 10 आरे जमीन कम भी कर दूंगा और अगर आप नेतागिरी में नाप करना चाहते हैं तो असंभव है। पटवारी का कहना था कि न मैं नेताओं की मानता हूं ना ही किसी अधिकारी के कहनें पर कोई काम करता हूं, मैं स्वतंत्र हूं। पटवारी का यह भी कहना था कि चाहे तहसीलदार हो या एसडीएम और चाहे कलेक्टर हो मैं किसी के दबाब में कोई काम नहीं करता। पटवारी ने यह भी कहा कि फ्री में नाप का दबाव बनाना चाहते हों तो फिर रोते रहोगें दस डिस्मिल रकवा घुमाफिराकर बगल बाले की तरफ निकाल दूंगा ध्यान रखना। पटवारी द्वारा 11 जून 2025 की सीमांकन की तारीख भी तय करनें की चौहददी के किसानों को सूचना भी देने के बाद भी पटवारी नाप करनें नहीं पहुंचे ना ही कोई जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता सगे भाइयों का आरोप है कि इस तरह से पटवारी यादवेन्द्र सिंह ने धमकी दिया और आज तक नाम नहीं किया। बार बार आग्रह करनें पर भी नाप नहीं कर रहे है, उल्टा हम दोनों भाईयों एवं पिता को धौंस धमकी देकर कहते है मै मिलेट्री से आया हूं, मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता, मैं शौकबश नौकरी करता हूं। पटवारीगिरी मेरा शौक है मेरे बारे में पता कर लेना मैं घर से सक्षम हूं मेरे हाईवा चलते हैं, मुझे पचपन हजार पेंशन मिलती हैं। मैं खुद अपनें ड्रायवरों को 40-40 हजार वेतन देता हूं। गाडी बंगला भूमि जायजाद का इस इलाके में सबसे धनी आदमी हूं, मैं किसी के दबाब में नहीं आता। कई बडे नेताओं को में जेब में लेकर चलता हूं, इस बात का ध्यान रखना। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से दोनों भाइयों ने शिकायत की जांच कराते हुए पटवारी पर कार्रवाई की मांग की है।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू



**कटनी ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इसके लिए आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे। चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो। कक्षा छठवीं में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकास खण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है।

## प्रांतीय महिला स्व. सहायता समूह महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के वेनरतले आज दिनांक 15,7,2025 ,को कटनी कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर मेम को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जबलपुर संभाग प्रभारी प्रभा,उमा कान्त त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष रविता कृष्ण कान्त दुबे,जिला उपाध्यक्ष यसोदा सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलता के अलावा आरती सिंह,सपना सिंह,ममता बाई,पान बाई,सुगांधि बाई,भानवती बाई,मेना बाई,सखी बाई,सीता बाई,श्याम बाई,मोना बाई,कला बाई,देशरानी,भूरी बाई,उजयारी बाई,प्रेमलता,कोशिल्या बाई,प्रेमा बाई,भूरी बाई,सखी बाई यशोदा बाई प्रेम लता के साथ सेकड़ों बहनों ने ज्ञापन सौंपा एवं अपर कलेक्टर महोदय जी को विस्तार से समस्या जबलपुर संभाग प्रभारी प्रभा,उमाकान्त त्रिपाठी के द्वारा बतायी गयी और मिडिया बालो को वाईट,ज्ञापन दिया गया।

## 31 जुलाई तक फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान

**कटनी ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के लिए सभी कृषक संबंधित पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री मनीष मिश्रा ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक, किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंकों, सहकारी समितियों, किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र जमा करना होगा।

## नशे से दूरी हैं जरूरी, जागरूकता अभियान प्रारंभ



सिवनी। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी अभियान "नशे से दूरी,हैं जरूरी" के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित होने वाले इस अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में प्रधानमंत्री एक्सलेंस पीजी कॉलेज सिवनी से जन जागरुकता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जीवन के कठिन समय में धैर्य कैसे रखें,नशे की आदत में कोई व्यक्ति जा रहा उसे कैसे पहचाने और उसे शुरूवात में ही कैसे संभालें,नशे का व्यापार करने वालों की सीधे व गोपनीय रूप जानकारी देने के लिए उत्साहित किया गया। प्राचार्य महोदय श्री नाग द्वारा भी नशा मुक्त जीवन हेतु सभी प्रेरक बनें की समझाइश दी गई।संबोधन उपरांत जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया,उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं व प्राध्यापक गणों ने प्रतिभागिता दर्ज की,उक्त कार्यक्रम की नोडल अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडेय द्वारा नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई व निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा नशे के शारीरिक,मानसिक पारिवारिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव,नशा समाज में किस तरह अपराध को जन्म देता हैं,पीयर प्रेशर और संगती से नशे के कुचक्र से कैसे बचें,नशा मुक्ति से जुड़ी मानस हेल्प लाइन 1933,14446,14416, की जानकारी सांझा की गई ताकि नशे की आदत में जो लोग हैं,उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान की जा सकें। उपनिरीक्षक प्रमोद भारद्वाज द्वारा नशे से होने वाले नुकसान को प्रेरक कहानी के माध्यम से समझाया।कार्यक्रम में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी श्री गणेश मंतरे,खेल अधिकारी श्री के सी रोर व विभागाध्यक्ष,प्राध्यापक गणों, नगर निरीक्षक कोतवाली,डूंडा सिवनी व पुलिस स्टॉफ की गरिमामय उपस्थिति व विशेष सहयोग रहा।सभी ने हमारा यह संदेश,नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश का उद्घोष दोहराया व नशे के विरुद्ध उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया।

भ्रष्ट सचिव द्वारका प्रसाद डेहरिया एवं सरपंच प्रीता डेहरिया भी भ्रष्टाचार में निभा रही हैं अहम भूमिका

## भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर लिख रही भ्रष्टाचार की नई इबादत विडियो वायरल

### लोपा पंचायत का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - केवलारी ।** इन दोनों भ्रष्ट और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सरकार अथक प्रयासों में लगी हुई है वहीं भ्रष्टाचार हावी होते नजर आ रहा है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिम्मेदार लगा रहे हैं चूना अपने और अपने चाहतों को लाभ दिलाने की मंशा भ्रष्टाचार की नीव कर रहा मजबूत वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर निरंतर नाकामी का दे रहे हैं परिचय इसी तर्ज में मामला सामने आया है केवलारी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोपा का है जो पूर्व से ही भ्रष्टाचार अनियमिताओं को लेकर प्रशासन एवं अखबारों की सुर्खियों में बनी हुई है वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों का कार्यवाही ना करना भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर सरपंच प्रीता डेहरिया सचिव द्वारका प्रसाद डेहरिया जैसे कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के हौसले कर रहा है बुलंद उक्त भ्रष्टाचारों और अनियमिताओं को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जो बहुत सुर्खियां बटोर रहा है एवं जन चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त वीडियो बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत लोपा का है जिसमें सरपंच प्रीता डेहरिया भ्रष्ट सचिव द्वारका प्रसाद डेहरिया भ्रष्ट रोजगार सहायक निधी ठाकुर द्वारा अपने भ्रष्टाचारों का बखान कर रहे हैं एवं बहा रहे हैं भ्रष्टाचार की गंगा जिसमें भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर अहम भूमिका निभाते नजर आ रही हैं। उक्त वीडियो के आधार से यह पता लगाया जा सकता है कि केसै जिम्मेदारों को द्वारा किस तरह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को नियम कानूनों को ताक पर रख मन मानी कर रहे हैं। उक्त वीडियो के आधार पर खबर का प्रकाशन किया गया है। दैनिक रेवांचल टाइम्स समाचार पत्र उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता।




### शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

पूर्व से ही भ्रष्टाचार अनियमिताओं को लेकर लोपा पंचायत जिम्मेदार अधिकारियों एंव अखबारों की सुर्खियों में बनी हुए हैं। वहीं दूसरी ओर भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर द्वारा अनियमितताओं का अंबर लगाकर बाहा रही है भ्रष्टाचार की गंगा जिसके चलते गरीबों के हक पर डाका डालकर कुटरत्रित दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर ले रही थी लाडली बहना का लाभ शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्य वाहीं नहीं की गई ठोस कार्यवाही न होने के चलते भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर के हैं हौसले बुलंद भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है भ्रष्ट रोजगार सहायक निधि ठाकुर नियम कानून को ताक पर रखकर कर रही है पंचायती राज में मनमानी अपने पद का दुरुपयोग कर दे रही है अपनी वारदातों को अंजाम जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर देख रहे हैं तमाशा।

### इस संबंध में इनका कहना है कि....

मेरे द्वारा उक्त संबंधों में जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित शिकायत कर अवगत कराया गया था मगर क्या कार्रवाई हुई मुझे अभी तक अवगत नहीं कराया गया है ।

**शिकायतकर्ता अखिलेश बन्देवार**
**आरटीआई एक्टिविस्ट एवं समाजसेवी**

## सवा लाख रुद्री निर्माण के साथ पांच दिवसीय शिव रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी ।** कान्हीवाडा श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम कान्हीवाड़ा में पहली बार सवा लाख रुद्री निर्माण कर पंचदिवसीय शिव रुद्राभिषेक महोत्सव का भव्य आयोजन 17 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक बरघाट रोड, फूटा ताल, एकता पार्क के पास किया जा रहा है। यह आयोजन श्री राधे गोविंद सेवा समिति फूटा ताल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मुख्य यजाचार्यःआचार्य दुर्गेश कृष्ण मिश्रा जी (मो. 8878405092, 7566179884) आचार्य सुनील शर्मा जी (+91 8871562110) दिनांक 17 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक शिवलिंग पर रुद्राभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालु जल, दूध व पंचामृत से अभिषेक कर सकते हैं। 21 जुलाई (सोमवार) को पूर्ण आहूति एवं भंडारा आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि रुद्राभिषेक में सम्मिलित होने के लिए समिति से संपर्क कर अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं।

## 3 पशुपालकों के विरुद्ध बहोरीबंद एवं बड़वारा पुलिस थाना में दर्ज हुई एफआईआर

**कटनी । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 2 पशुपालकों के विरूद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में एवं 1 पशुपालक के विरूद्ध बड़वारा पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस प्रकार जिले में पशुओं को आवारा छोड़ने वाले 12 पशुपालकों के विरुद्ध अब तक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।**

### सड़कों में विचरण करते घुमंतु पशुओं के मामले में जिला प्रशासन का सख्त रूख

### जिले में अब तक 12 पशुपालकों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

### पशुपालकों से अपील

जिला प्रशासन द्वारा पशु मालिकों और पशुपालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गौवंश को बांध कर रखें। ताकि सड़कों पर विचरण करते गौवंश जनहानि व दुर्घटना का कारण न बनें, कई बार वाहनों की टक्कर से बेजुबान पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और सड़क में दर्द से कराहते हैं और असह पीड़ा का सामना करते हैं। इसलिए मानवीय नजरिए से इन्हें घरों में बांध कर रखें ताकि ये बेजुबान पशु सड़कों में घायल न हो न और इन्हें कष्ट भी न हो। नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत 1 जुलाई को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। इसी आदेश के अनुक्रम में अब तक पुलिस थाना स्लीमनाबाद मे 5, कुठला पुलिस थाना में 1, कोतवाली पुलिस थाना में 3 सहित बहोरीबंद पुलिस थाना में 2 एवं बड़वारा पुलिस थाना में 1 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

### इनके विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सचिव राकेश कुमार चौधरी ने सड़कों में पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले दो पशुमालिकों, तिगवां निवासी काशीराम एवं बहोरीबंद निवासी निशानभागचंद दुबे के विरुद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लखाखेरा के सचिव सुदामा प्रसाद विश?वकर्मा ने ग्राम लखाखेरा निवासी चिन-?दीदीन विश्वकर्मा के विरूद्ध बड़वारा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। टैग स्कैन कर की गई कार्यवाही सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।

## बिना अवकाश और अनुमति के बिना जनसुनवाई में पहुंच गया शिक्षक, निलंबित



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के समक्ष बिना अवकाश स्वीकृत कराये और सक्षम अधिकारी से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त किये बिना मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचना माध्यमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी को महंगा पड़ गया।**

कलेक्टर श्री यादव ने शिक्षक के इस कृत्य को लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए डीईओ को निलम्बित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने विकासखंड बड़वारा के शासकीय माध्यमिक शाला बड़ागांव नंबर 2 में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक श्री अजय कुमार चौधरी द्वारा स्कूल छोड़ कर कटनी मुख्यालय आकर जनसुनवाई में पहुंचने के कृत्य को कलेक्टर ने अनुशासनहीनता मानते हुये तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बताते चलें कि माध्यमिक शिक्षक श्री चौधरी कक्षा 10वीं में अध्ययनरत अपने पुत्र अभिजीत चौधरी के 10वीं की परीक्षा प्रवेश पत्र में अपने पुत्र के माता अर्थात अपनी पत्नी के नाम में सुधार कराने संबंधी आवेदन लेकर बिना अवकाश एवं बिना अनुमति कलेक्ट्रेट पहुंचा था। जिसे कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही माना। बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी की पदस्थापना वाला शासकीय माध्यमिक शाला बड़ागांव नंबर 2 स्कूल एक शिक्षकीय शाला है।

# दुबई के भारत मार्ट पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव:बोले: भारत का विरोध किसी देश से नहीं, आतंकवाद से है

भोपाल। सीएम डॉ. मोहन यादव अपनी विदेश यात्रा के तीसरे दिन आज (मंगलवार को) दुबई की लीडिंग लॉजिस्टिक्स कंपनी द्वारा संचालित भारत मार्ट पहुंचे। भारत मार्ट भारतीय एमएसएमई प्रोडक्ट्स को वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बड़ा प्लेटफार्म बन रहा है। यहां सीएम मप्र की एमएसएमई यूनिट्स को भारत मार्ट से जोड़ने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। वहीं सोमवार को दुबई में इन्वेस्ट इन मध्य प्रदेश बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत का विरोध किसी देश से न होकर आतंकवादियों से है। सीएम दुबई की लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दुबई से स्पेन की राजधानी मेड्रिड के लिए रवाना होंगे, जहां वे मध्यप्रदेश की वैश्विक निवेश यात्रा को नए आयाम देने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

सोमवार को विदेश यात्रा के दूसरे दिन सीएम ने दुबई में इन्वेस्ट इन मध्य प्रदेश बिजनेस फोरम के सत्र को संबोधित करते हुए कहा-उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहनकारी नीतियों का लाभ देने के साथ ही नीतियों से हटकर भी अतिरिक्त सुविधाएं देने का काम किया जाएगा। सीएम ने दुबई के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में पर्यटन, टेक्सटाइल और एमएसएमई सहित अन्य सेक्टर्स में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

**दुबई में भारतीय मूल के उद्यमी विकास में सहयोगी :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्यमशीलता यह है कि उद्यमी केवल धन संग्रहित न करें, बल्कि उस धन को उद्यम में लगाकर अपने व्यवसाय को और बढ़ाएं। इससे व्यापार कई गुना बढ़ जाता है। व्यापार की यह समझ दुबई के उन उद्योगपतियों में है जो भारतीय हैं और इस देश के विकास में विशेष सहयोगी हैं। टेक्समास टेक्सटाइल क्षेत्र देखकर सुखद अनुभव हुआ है, यहां योजना पक्ष की श्रेष्ठता देखने को मिली है। यह मॉडल मध्यप्रदेश में भी लागू करने का प्रयास रहेगा।




**मप्र के दरवाजे सबके लिए खुले :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सभी सेक्टर के निवेशकों का स्वागत कर रहा है। हम इसी उद्देश्य से दुबई आए हैं। केंद्र और राज्य सरकार गरीब से गरीब की जिंदगी बेहतर करने के लिए काम कर रही है। उद्योगपतियों के आगे बढ़ने के पीछे भारतीय संस्कृति और खान-पान की बड़ी भूमिका है। मध्यप्रदेश के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। राज्य सरकार दीर्घकालिक प्रगति के उद्देश्य से कार्य कर रही है।

**सीएम ने बताया दुबई और भारत का पुराना संबंध :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा भारत के साथ दुबई के परस्पर प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध हैं। दुबई का इतिहास देखें तो 19वीं सदी में यह मत्स्य पालन और मत्स्य आखेट का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्ष 1950 से 1970 के मध्य तेल की उपलब्धता ने इस क्षेत्र को बदल दिया। आज दुबई गगनचुम्बी अट्टालिकाओं के कारण जाना जाता है। यूएई की वर्तमान दशा में विश्व बंधुत्व का भाव भी शामिल है। वस्तुतः यह भारतीय दर्शन है। अरब के इस क्षेत्र ने हमारी भावना को अंगीकार किया है। यहां बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं जो कहीं भी जाकर समरस हो जाते हैं। अधिकांश बड़े आईआईटी या आईआईएम से शिक्षित नहीं हैं लेकिन उनकी जिंदगी के अनुभव इन डिग्रियों से महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुबई में भारत के मसालों की महक और व्यंजन का लाभ लेने का भी अवसर मिला इसकी कोई तुलना नहीं है। अब मेट्रो और बुलेट ट्रेन दुबई की पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धन दौलत के साथ मन का प्रेम भी महत्वपूर्ण है। यहां बसे भारतीयों से ऐसा ही स्नेह मिला। दुबई पर ईश्वर का विशेष आशीर्वाद भी देखने को मिलता है।

**भारत का विरोध किसी देश से नहीं बल्कि आतंकवादियों से है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर में डिजिटल युग से दुनिया छोटी हो गई है। बिना हिले -डुले करोड़ों का व्यवसाय किया जा सकता है। यही परिवर्तन युद्ध क्षेत्र में भी देखने को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह दुनिया को दिखा दिया कि हम शत्रु के घर में घुसकर उसे मार सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जीयो और जीने दो का संदेश भी दिया है। भारत का विरोध किसी देश से न होकर आतंकवादियों से है।

**फूड चेन सप्लाई से मप्र दुबई के संबंध मजबूत होंगे :** सीएम डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से वर्ष 2025 तक दुबई के साथ द्वि-पक्षीय संबंध विकसित किए हैं। गरीबों को सम्पन्न बनाने के लिए व्यापार की समझ होना चाहिए। इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी ने 90 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी फ्री करने का काम किया। दुबई से उन्होंने दुनिया के द्वार खोले जो एक उदाहरण हैं। आज अन्य देश भी दुबई मॉडल के साक्षी बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि फूड चैन सप्लाई से लेकर अन्य क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के दुबई से मजबूत संबंध रहेंगे। भारत की अर्थव्यवस्था पिछले दस वर्ष में बदल गई है। भारत जहां 11वें स्थान पर था अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। एविएशन सेक्टर में टाटा संस्थान ने मजबूती प्रदान की है। भारत में भी मेट्रो और वंदेभारत से आगे बढ़कर अहमदाबाद से मुम्बई के मध्य बुलेट ट्रेन शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का सोना जो अन्य देशों में था उसे वापस लाने का बड़ा कार्य भी किया है। इस तरह भारत की साख बढ़ाने का कार्य सक्षम प्रधानमंत्री श्री मोदी जी कर रहे हैं।

**अउर संजय दुबे ने कहा- उज्जैन में GMT से पहले समय की गणना होती थी :** सीएम के संबोधन से पहले विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि भारत तकनीकी क्षेत्र में तेजी से अग्रणी बन रहा है। मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में टेक्नोलॉजी की लहर चल रही है। इंदौर और भोपाल जैसे टियर-2 शहरों में तकनीकी प्रतिभा और आधारभूत संरचना दोनों उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश में ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्वच्छ वातावरण, ट्रांसपोर्टेशन समय में कमी, तकनीकी दक्ष युवा सहित कई सुविधाएं मौजूद हैं, जो राज्य को देश में तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी बनाती हैं।

मध्यप्रदेश आईटी और संबंधित क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और निवेशकों को वित्तीय और गैर वित्तीय सुविधाएं देने के लिए 5 नीतियां लागू की हैं। मध्यप्रदेश जल्द ही स्पेसटेक नीति लागू करने जा रहा है।

# एमपी में अब तक 18 इंच बारिश

## डैम ओवरफ्लो, नदियां उफनीं, बाढ़ के हालात; 17 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब तक 18 इंच बारिश हो चुकी है। जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, मंडला, श्योपुर, सिवनी, उमरिया, छतरपुर समेत कई जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सोमवार को श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। वहीं, नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर रही। मंगलवार को भी 17 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। प्रदेश में 16 जून से मानसून एंटर हुआ था, तभी से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इस वजह से कोटे की आधी बारिश हो चुकी है। निवाड़ी में तो 103% तक पानी गिर चुका है। मंडला, टीकमगढ़ में भी बारिश का कोटा 75% तक फुल हो गया है। अगले 4 दिन यानी 18 जुलाई तक तेज बारिश का दौर चलेगा।




**शिवपुरी में अटल सागर डैम के 6 गेट खोले, श्योपुर में बाढ़ :** सोमवार को मंडला में 9 घंटे में 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, खरगोन में डेढ़ इंच पानी गिरा। टीकमगढ़-उमरिया में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, सागर, सिवनी, सीधी, बालाघाट, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, राजगढ़, विदिशा समेत कई जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहा। शिवपुरी जिले में अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। इसी के चलते सोमवार सुबह साढ़े 6 बजे बांध के 6 गेट खोल दिए गए। करीब 1500 क्यूमेक पानी छोड़ा गया है। श्योपुर जिले के विजयपुर में क्वारी नदी का जलस्तर बढ़ने से आगरा जाने वाला रास्ता बंद हो गया। वहीं, बड़ौदा में बाढ़ जैसे हालात रहे। यहां दुकानों-मकानों के अलावा अस्पताल में भी पानी भर गया। शिवपुरी जिले के रन्नौद क्षेत्र में भी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। यहां कई लोगों के घरों में पानी भर गया। टीकमगढ़ में मकान गिर गया। इससे 3 भैंसों की मौत हो गई। मंडला में आधे घंटे की तेज बारिश से पानी घर-दुकानों में घुस गया। रायसेन में उफनते नालों के बीच मड रैली हुई। जिसमें गाड़ियां दौड़ाई गई। भोपाल में दोपहर में तेज बारिश का दौर चला।

# छिंदवाड़ा जनसुनवाई में पहुंचे विधायक सुजीत चौधरी

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान विधायक सुजीत चौधरी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। चोरी विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन और यूरिया की कालाबाजारी को लेकर उन्होंने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। विधायक ने बताया कि चौरई क्षेत्र के ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से चांद क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और जब्त रेत के अनाधिकृत विक्रय पर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों के मुताबिक, जब्त की गई रेत को ठेकेदारों और उनके सहयोगियों को सुपुर्द कर दिया गया, जो इसे वैध खदानों के पास जमा कर बेच रहे हैं। विधायक का कहना है कि कई गांवों में अब भी अवैध रेत का बड़ा स्टॉक मौजूद है, जिससे सड़कें खराब हो रही हैं और विवाद की स्थिति बन रही है। उन्होंने प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## विधानसभा में अवैध रेत उत्खनन और यूरिया की किल्लत पर जताई आपत्ति



यूरिया की किल्लत भी मुद्दा बनी
इसके साथ ही विधायक ने चौरई, चांद और बिछुआ क्षेत्रों में यूरिया की भारी कमी की भी शिकायत की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने सहकारी समितियों में यूरिया उपलब्ध न होने की बात कही है, जबकि फसलें बढ़त की अवस्था में हैं और इस समय खाद की तत्काल जरूरत है।

**त्वरित कार्रवाई की मांग :** विधायक सुजीत चौधरी ने इन सभी मुद्दों को लेकर चोरी विधानसभा की जनता के साथ जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# कॉलेज छात्राओं से दोस्त के घर में रेप किया था

## भोपाल में अश्लील वीडियो बनाए, धर्म बदलने का दबाव डाला; पुलिस ने कोर्ट को बताया

भोपाल। कॉलेज छात्राओं से दुष्कर्म कर वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने वाले मामले में जहांगीराबाद थाना पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान पेश किया है। पुलिस ने फरहान खान, साहिल खान, सैयद अली अहमद, साद उर्फ शम्सउद्दीन, मोहम्मद नबील और अबरार को आरोपी बनाया है। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। जहांगीराबाद थाने के जांच अधिकारी ने पीड़िताओं और उनके परिजन के दर्ज बयान, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), वीडियो फुटेज और फोटोग्राफ साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में पेश किए गए हैं। आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया।

### रेप के बाद वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

जहांगीराबाद पुलिस ने चालान में कोर्ट को बताया कि पीड़िता को लेकर आरोपी फरहान दोस्त के घर गया था। उसके दोस्त के घर पहले से ही कुछ और दोस्त मौजूद थे। पीड़िता को अलग कमरे में ले जाकर रेप किया। रेप के बाद जबरदस्ती वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया। हालांकि, मामले में पुलिस ने सभी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और सभी आरोपी सलाखों के पीछे हैं। पुलिस अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही है। जांच में भी पीड़िता के साथ ब्लैकमेलिंग और मुस्लिम धर्म अपनाने को लेकर



दबाव बनाने की बात भी सामने आ रही है।

### तीन लड़कियों से एक साथ रेप किया

इससे पहले पुलिस जांच के दौरान मुख्य आरोपी फरहान के मोबाइल में एक वीडियो ऐसा मिला था, जिसमें वह एक साथ तीन लड़कियों के साथ रेप कर रहा है। उन्हें बेरहमी से पीट रहा है। एक अन्य वीडियो में आरोपी इंदौर की पीड़िता से रेप करने के साथ ही उसे सिगरेट से दाग रहा है। आरोपी लड़कियों के साथ क्रूरता करता था। उन्हें मारता-पीटता था। वीडियो भी बनाता था और अपने मोबाइल फोन में सेव कर लेता था।पीड़िताओं के वीडियो आरोपी ने एक अलग फोल्डर में सेव कर रखे थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा पीने का आदी है। इंदौर की पीड़िता को उसने कई बार मजबूर कर गांजा और शराब पिलाई है। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने यह भी बताया कि वह इंदौर की पीड़िता से प्यार करता था। उससे शादी करना चाहता था।

### तीन थानों में दर्ज है रेप-लव जिहाद के केस

कॉलेज छात्राओं से रेप और लव जिहाद के केस भोपाल के तीन थानों में दर्ज हैं। इससे पहले 19 जून को अशोका गार्डन थाने ने भी इसी केस की जांच पूरी कर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पत्र दाखिल किया गया था। वहीं, 12 जून को बागसेवनिया थाना पुलिस ने फरहान और साहिल के खिलाफ जांच पूरी कर कोर्ट में चालान पेश किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा मामला अलग-अलग थानों में दर्ज छात्राओं की शिकायतों से जुड़ा हुआ है, जिसमें सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने की साजिश रची गई थी। केस की गंभीरता को देखते हुए तीन थानों की टीमें अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ जांच कर रही थीं। अब सभी मामलों में अभियोग पत्र दाखिल कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# छिंदवाड़ा पुलिस की नशामुक्ति अभियान से पहले कार्रवाई

## 63 लीटर अवैध शराब जब्त; एक आरोपी गिरफ्तार



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में 15 जुलाई से शुरू होने वाले "नशे से दूरी, है जरूरी" अभियान से ठीक पहले कुण्डीपुरा थाना और धरमटेकड़ी चौकी पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पीजी कॉलेज ग्राउंड के पीछे इंदिरा नगर के कच्चे रास्ते से सोमवार को 63 लीटर देसी शराब जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी महेंद्र भगत और चौकी प्रभारी अविनाश पारधी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 150 पाव लाल मसाला मदिरा और 200 पाव प्लेन मदिरा जब्त की गई, जो कुल 350 पाव (63 लीटर) होती है। जब्त शराब की बाजार कीमत 36,500 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा एक स्कूटी (टढ28.रअ.0480) भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 20,000 रुपए बताई गई है।

### एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

पुलिस ने मौके से गगन पिता स्व. राजू विश्वकर्मा, निवासी मंगली बाजार, चांदामेटा को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका साथी सचिन विश्वकर्मा पिता मोहन विश्वकर्मा, निवासी छोटा तालाब रोड, पावर हाउस के पास फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### आबकारी एक्ट में मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 483/25 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई उस वक्त हुई है जब जिले में 15 से 30 जुलाई तक विशेष नशा मुक्ति जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना और समाज को नशामुक्त बनाना है।

**टीम की रही भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा उप निरीक्षक महेंद्र भगत, चौकी प्रभारी अविनाश पारधी, सहित मनोज रघुवंशी, अरुण शर्मा, हरीश वर्मा, विजय पाल, सुरेंद्र बघेल, रविंद्र ठाकुर, जीवन रघुवंशी, चंद्रपाल, आलम और पुष्पराज रघुवंशी की विशेष भूमिका रही।

# बैतूल में स्कूल के बहार तंबाकू-सिगरेट बेचा तो होगी कार्रवाई

बैतूल। बैतूल पुलिस ने नशे के खिलाफ 15 दिवसीय जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। एसपी निश्चल एन. झरिया ने पुलिस कंट्रोल रूम से अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान नशामुक्ति संबंधी हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए। इन नंबरों पर परामर्श, पुनर्वास और चिकित्सीय सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर और एएसपी कमला जोशी मौजूद रहीं। पहले दिन पंपलेट वितरण के साथ रैली और अवेयरनेस रन का आयोजन हुआ। इसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र, एनसीसी, स्काउट-गाइड और सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। सभी ने नशामुक्ति की शपथ ली।

# 14 ट्रैक्टर-ट्रालियों में बैठ रायसेन कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

रायसेन। रायसेन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान सड़क निर्माण की मांग को लेकर चिलवाहा गांव के ग्रामीण पहुंचे। 14 ट्रैक्टर-ट्रालियों से आए करीब 200 ग्रामीणों ने कलेक्टर के सामने अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि चिलवाहा पंचायत के अंतर्गत आने वाले बड़कुई, घटाकझार, महुआखेड़ा, गुराखाडी और नयापुरा गांव की यह समस्या है। पिछले दो साल से 5.50 करोड़ रुपए की सड़क निर्माण स्वीकृत है। ग्रामीणों ने बताया वन विभाग के हस्तक्षेप के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में लोगों और वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। कई बार गंभीर स्थिति में महिलाओं की रास्ते में ही मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी कई बार उठाया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो अगली जनसुनवाई में चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्वीकृत सड़क निर्माण को जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग की है। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन निराकरण करने आश्वासन दिया है।



# कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर मासूम छात्र

## सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डाला; तीन किलोमीटर पक्की सड़क की मांग



रायसेन। जनपद पंचायत सिलवानी से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बटेर के अंतर्गत आदिवासी बहुल टोला बड़ा खेत आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। यहां के दर्जनों बच्चे और छात्राएं रोजाना दलदली, कीचड़ भरे रास्ते से फिसलते-पड़ते करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम खेरी के स्कूल तक जाने को मजबूर हैं। बड़ा खेत से खेरी स्कूल तक का करीब 3 किमी का कच्चा रास्ता बरसात में दलदल में बदल जाता है। बच्चों के कपड़े और किताबें कीचड़ से खराब हो जाती हैं। कई बार फिसलने से बच्चे घायल हो जाते हैं और कई बार स्कूल भी नहीं पहुंच पाते।

**बच्चों ने वीडियो बनाकर लगाई मुख्यमंत्री से गुहार :** इन हालातों से परेशान होकर बच्चों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है। कीचड़ में फिसलते हुए बच्चों का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें छोटे बच्चे और छात्राएं सीएम मोहन यादव, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और जनपद अधिकारियों से सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। एक छात्रा वीडियो में कहती है, "हम पढ़ना चाहते हैं, लेकिन कीचड़ नहीं जाने देता। किताबें भीग जाती हैं, कपड़े गंदे हो जाते हैं। हमें स्कूल जाने के लिए पक्की सड़क चाहिए।"

**आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई :** ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत, जनपद और जिला स्तर पर कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क की कमी बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित कर रही है।

**बुनियादी सुविधाओं से वंचित बड़ा खेत :** शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी जरूरतें आज भी यहां अधूरी हैं। प्रशासनिक अनदेखी का नतीजा यह है कि बच्चों को शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हर साल आदिवासियों के नाम पर योजनाएं और बजट बनते हैं, लेकिन जमीनी हालात जस के तस हैं।

# पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से हो: कलेक्टर

## अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में कड़ी रखें निगरानी : समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सोमवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा की बैठक के दौरान कहा कि विभाग प्रमुख अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज विभिन्न प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक दर्ज करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में डी कैटेगरी में आने वाले विभागों को सुधार करने के निर्देश दिये, जिससे उक्त प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ए कैटेगरी में आ सके। विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि तथा गुणवत्ता पूर्वक दर्ज करना होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से समय सीमा में पूर्ण किया जाए।



समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। आयोजित बैठक में जिले में आधार सत्यापन के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में विभागों द्वारा भूमि आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों के मांग के अनुरूप राजस्व विभाग को भूमि आवंटन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खाद्य विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के ई- केवायसी के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ई- केवायसी के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में जिले की उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण की स्थिति, राशन की उपलब्धता और वेयर हाऊस की भी समीक्षा की गई।

### ई- केवायसी की प्रगति समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में विभागों द्वारा ई- फाईल सिस्टम की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को ई- फाईल के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ई- केवायसी की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों को ई- केवायसी के प्रकरणों को निर्धारित

### अस्पतालों मे हो दवाईयों की उपलब्धता

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि मत्स्य विभाग के द्वारा समस्त समितियों के बैंक खाते अनिवार्य रूप से खुलवाया जाए, जिससे समितियां बैंकों के माध्यम से लेन-देन का कार्य कर सकें। उन्होंने जिले में वर्षा की स्थिति को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जल स्रोतों तथा पेयजल स्रोतों में छिड़काव करने के निर्देश दिये, जिससे कोई भी नागरिक दूषित जल का उपयोग न कर सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा अस्पताल की स्थिति और दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। आयोजित बैठक में राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। राजस्व विभाग में सीमांकन संबंधित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### जर्जर भवनों पर रखे निगरानी

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में बाढ़ एवं अतिवर्षा से आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, उचित मूल्य दुकान और अस्पतालों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों या स्कूलों में पानी भराव की स्थिति है या क्षतिग्रस्त होने की संभावना है, उन्हें अन्यंत्र स्थांतारित करें, जिससे किसी भी प्रकार की घटना- दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने- अपने कार्य क्षेत्रों के अंतर्गत नदी-नालों एवं पुल-पुलियो की स्थिति और शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर भी निगरानी रखें। उन्होंने इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टॉफ एवं दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली।

## हर हर महादेव के जयकारे गूंजे शिवालय

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सावन के पहले सोमवार को लोग भगवान भोलेनाथ की भक्ति मे लीन नजर आए। सुबह से ही नगर के शिव मंदिरों में जोर-जोर से तैयारी की गई। और सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लग गया जहां विशेष पूजा अर्चना के साथ रुद्राभिषेक होने लगे। नगर के बड़े पुल स्थित शिव मंदिर, काली मंदिर, नरसिंह मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को उमड़ने लगी। सावन का पहले सोमवार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मंदिरों में आने लगे हैं। मंदिरों में जहां शिव पूजा के साथ मानस पाठ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए जो पूरे सावन मास चलेंगे। सावन में शिव भक्तों के द्वारा अपने अपने घरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन कीर्तन के साथ विशेष पूजा के आयोजन भी किए जाएगे। पंडित श्यामकृष्ण चौबे के अनुसार सावन भोलेनाथ का प्रिय माह है पूजा पाठ अनुष्ठान तीर्थ स्थल दर्शन से पुण्य कामों का खास फल मिलता है सावन मास भक्तों के लिए बहुत ही शुभ फलदायक माना गया है। वही गोटेगांव मे भी नगर स्थित लोक निर्माण विभाग परिसर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में भी महिलाओं ने शिवालय में पूजन-अर्चन करने के उपरांत घर में मिट्टी के शिवलिंग निर्माण कर महाअभिषेक पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया साथ ही सुख समृद्धि के लिए अपनी परिवार में बनी रहे जिसकी प्रार्थना भोले बाबा से की भोले बाबा के इस व्रत का महत्व बताते हुए श्रीमती अदिति साहू ने बताया कि बाबा के व्रत करने से जिसकी जो भी मनोकामना होती है वह बाबा पूर्ण करते हैं साथ ही इस व्रत का महत्व और इसलिए बढ़ जाता है कि श्रावण मास में जब दिन सोमवार होता है तो यह और भी पुण्य दायक बन जाता है इसको करने से बाबा सारी दुख तकलीफै को दूर करते





हैं इस अवसर पर श्रीमती आशीष- अदिति साहू, श्रीमती विमला, शरद साहू मुस्कान साहू, श्रीमती दिलीप मीना खर्चे सहित अन्य महिलाएं श्रद्धालु बंधु उपस्थित थी।

## सावन सोमवार पर हुई भगवान का पूजन अर्चन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सावन माह के पहले सोमवार को नरसिंह मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में पहुंचे। यहां पर प्रतिदिन पंडित जवाहर दुबे के मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे से भगवान शंकर जी का अभिषेक पूजन हो रहा है। साथ ही सावन माह के महत्व को बताया जा रहा है।

## बीएलओ तथा पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में 119 नरसिंहपुर विधानसभा के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर का सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ई दक्ष केंद्र जनपद पंचायत नरसिंहपुर में किया जा रहा है इस प्रशिक्षण में आकाश डहारे प्रभारी तहसीलदार नरसिंहपुर प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम विनोद कोरी निर्वाचन पर्यवेक्षक सरोज मसराम कानूनगो तहसील नरसिंहपुर अखिलेश वर्मा कानूनगो तहसील करेली कपिल शर्मा मास्टर ट्रेनर विधानसभा स्तर के निदेर्शानुसार विकास श्रीवास्तव आशीष दुबे विकास मेहरा अखिलेश राजोरिया मास्टर ट्रेनर राम कुमार साहू अशोक चैधरी सहायक प्रोग्रामर नितिन सोनी श्रीमती नेहा पटेल विकास चैरसिया द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है।

## किसान संघ द्वारा मूंग उपार्जन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** पंजीकृत किसानों के ग्रीष्मकालीन मूंग उडद उपार्जन करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। भारतीय किसान संघ ने कृषि व किसानों से संबंधित समस्याओं को लेकर सौंपे गए ज्ञापन उल्लेख किया है कि नरसिंहपुर जिले में गत वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द उपार्जन हेतु लगभग 41 उपार्जन केंद्र तय किये गये थे जबकि इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा 16000 अधिक पंजीयन हुये है इसलिये सभी उपार्जन केंद्र शीघ्र चालू करवाये जायें, जिससे समय सीमा में खरीदी हो सकें एवं सभी उपार्जन केंद्र पर एफ.ए.क्यु. गुणवत्ता मापदण्ड का बोर्ड लगाया जावे। नरसिंहपुर तहसील में जो उपार्जन केन्द्र चिन्हित किये गये है उनकी शीघ्र स्लाट बुक करने की व्यवस्था की जावे जिससे स्लाट बुक हो सके एवं उनकी तुलाई की



व्यवस्था शीघ्र की जा सके। केंदों में जितने दिन विलंब से खरीदी चालू हुई है उतने दिन उपार्जन की समयावधी बढाई जावे। उपार्जन केंदों पर समय समय पर तौल कांटों की जाँच की जायें इस हेतु समिति गठित की जाये। केंद्रों पर किसानों को बैठने, पानी पीने एवं शौचालय की व्यवस्था की जावें। किसानों को उपार्जन केंदों में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु टोलफरी नम्बर जारी किया जावें। युरिया डी.ए.पी. किसानों को उपलब्ध कराया जावें क्योंकि सहकारी समितियों में भी खाद उपलब्ध नही है शीघ्र खाद की व्यवस्था की जावे। उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जावे अन्यथा भारतीय किसान संघ आंदोलन की ओर अग्रसर होगा। ज्ञापन सौंपते समय स्वदेश कोठारी प्रांत मंत्री, अनिरुद्ध पटेल संभाग अध्यक्ष ,संतोष राय जिला अध्यक्ष ,विष्णु प्रसाद पटेल कोषाध्यक्ष, चंद्रभान पटेल जिला ऊर्जा प्रमुख, शारदा सिंह पटेल उपाध्यक्ष ,गोधन पटेल तहसील अध्यक्ष गिरधारी पटेल के भारतीय किसान संघ के कई सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



## पुस्तकालय में मनाई गई जयंती

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस स्थानीय हरि विष्णु कामथ पुस्तकालय में पूर्व सांसद हरि विष्णु कामथ की एक सौ अठारहवीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सबसे पहले कामथ जी के चित्र पर कैलाश सोनी ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात उपस्थित सभी विशिष्ट नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी जनों की ओर से कामथ जी राजनीति सहयात्री लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने अपने वक्तव्य में संविधान निर्मात्री समिति के सम्मानित सदस्य हरि विष्णु कामथ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार नारायण श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष जित्तू स्वामी ने किया।

## बम्होरी में शांतिधाम पर रोपे पौधे

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी- तिंदनी के नेतृत्व ग्राम बम्होरी के शांतिधाम परिसर में आम, जामुन, पीपल, अमरुद एवं अशोक आदि के 51 पौधों का रोपण किया। अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सी एम सी एल डी पी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों व



परामर्शदाताओं, धार्मिक, सामाजिक व स्वैच्छिक संगठनों और आम नागरिकों के माध्यम से पौधरोपण किये जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद, नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ठ शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति नरसिंहपुर के संस्थापक सदस्य आनंद दुबे, नवांकुर संस्था बम्होरी- तिंदनी के अध्यक्ष तेजबल पटेल, सचिव अंकित पटेल, समिति के सदस्य व नागरिक मौजूद थे।



## नशीले पदार्थों के विक्रय पर लगाए रोक, एसडीओपी से की चर्चा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर के स्थानीय समाजसेवी संगठन ने नवागत एस डीओपी से मुलाकात क्षेत्र मे हो रहे अवैध नशीले पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाने की मांग रखी। हमारा समाज आज जिन सामाजिक चुनौतियों से जूझ रहा है उसमे नशा, अपराध, महिला सुरक्षा व युवाओं का भटकाव प्रमुख है इन समस्याओं से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी जिसमें जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेह लता श्रीवास्तव घनश्याम लोधी नरेश मरावी प्रभा विश्वकर्मा मंजुला गुप्ता अनिता राय ने नव नियुक्त अधिकारी मनीष त्रिपाठी से भेंट की एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने हेतु उसमें उनका सहयोग करने एवं मिलकर कार्य कार्य करने का आश्वासन दिया।

## रेलवे स्टेशन अज्ञात व्यक्ति की मिली लाश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आज एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पर डला हुआ था जिसकी सूचना रेलवे अस्पताल को प्राप्त हुई। ट्रेन नंबर 1296 के इंजन के पास वाली कोच के पास एक अज्ञात व्यक्ति बीमार था। जिसको अर्जेंट डॉक्टर आर आर कुर्रे द्वारा देखा गया। डॉक्टर कुर्रे ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास है जांच करने पर मृत पाया गया। जिसके शव को जीआरपी थाना के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी द्वारा रेलवे स्टेशन से मृत अवस्था में पंचनामा कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। शव की शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## गंदगी से सराबोर दुकानों मे बिक रहे खाद्य पदार्थ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** नगर में खाद्य अधिकारी की लगातार लापरवाही पड़ सकती हैं आमजन पर भारी होटल व खाद्य पदार्थों की बिक्री के लिए चिकित्सीय परीक्षण की होती हैं अतिआवश्यकता मिलावट युक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री से आमजन को गंभीर बीमारी होने की आशंका जानकारी के लिए बता दूं कि फूड विभाग अधिकारी पदस्थ लंबे समय से हैं लेकिन उन्हें मिली जिम्मेदारी का कोई भी अहसास नहीं हैं ऐसा प्रतीत होता हैं चैन की नींद सो रहे फूड अधिकारी प्रत्येक तहसील में एक फूड अधिकारी को पदस्थ किया जाता हैं जिससे शहर में किसी भी प्रकार की मिलावटी सामग्री की बिक्री न हो सके लेकिन फूड अधिकारी की उदासीनता का परिणाम आमजन को भुगतना होगा दूध डेयरी संचालक अपनी अपनी गोदामों में मशीन लगाकर रखें हैं जिससे दूध की क्रीम निकालकर उसमें अनेकों केमिकल मिलाकर बिना किसी भय के पूरी निर्भीकता से आमजन को चुना लगा रहे हैं होटलों में कढ़ाई की सफाई नियमित नहीं होती जो सोया तेल उपयोग किया जाता हैं उसकी गुणवत्ता का एक मानक निर्धारित हैं लेकिन उन मानकों का कोई भी दुकानदार पालन नहीं करता एक ही तेल लगातार उस कड़ाई में उबलता रहता हैं जिससे कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती हैं चुकी फूड अधिकारी की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं होती उसका परिमाण आमजन को भुगतना होता हैं।

## खेल-व्यापार

## टेस्ला ने मुंबई में खोला अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर, लेकिन अभी निर्माण की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली। टेस्ला आखिरकार मुंबई में अपने पहले शोरूम के उद्घाटन के साथ भारत में आ गई है। शहर के मध्य, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित, 4,000 वर्ग फुट का यह शोरूम इस इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज के भारतीय बाजार में लंबे समय से प्रतीक्षित प्रवेश का प्रतीक है। टेस्ला ने भारत में अपने पहले शोरूम, जिसे "एक्सपीरियंस सेंटर" कहा जाता है, के उद्घाटन के साथ औपचारिक रूप से अपना परिचालन शुरू कर दिया है। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में स्थित एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। यह कदम इलेक्ट्रिक



वाहन क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी के दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कार बाजार में लंबे समय से प्रतीक्षित प्रवेश का प्रतीक है, हालाँकि यह उस विनिर्माण निवेश के बिना हो रहा है जिसकी भारत को लंबे समय से उम्मीद थी। 4,000 वर्ग फुट का यह स्थान एक उत्पादन केंद्र के बजाय एक खुदरा और प्रदर्शन केंद्र के रूप में कार्य करता है। टेस्ला ने देश में तीन अन्य व्यावसायिक संपत्तियाँ भी हासिल की हैं: बेंगलुरु में एक पंजीकृत कार्यालय, पुणे में एक इंजीनियरिंग केंद्र और बीकेसी के पास एक अस्थायी प्रशासनिक कार्यालय।

**टेस्ला ने कहा- अभी निर्माण की कोई योजना नहीं :** भारत सरकार द्वारा वर्षों से की जा रही पैरवी और टेस्ला को स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षित करने हेतु नीतिगत बदलावों के बावजूद, कंपनी ने संकेत दिया है कि फिलहाल उसकी भारत में वाहन बनाने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय, उसने बिक्री शुरू करने के लिए भारत के भारी आयात शुल्क-लगभग 70%-का सामना करते हुए, सीमित संख्या में वाहनों और सहायक उपकरणों का आयात करने का विकल्प चुना है।

**टेस्ला के एक्सपीरियंस सेंटर पर देवेंद्र फडणवीस :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि महाराष्ट्र चाहता है कि टेस्ला, भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम चाहते हैं कि अनुसंधान, विकास और विनिर्माण भारत में ही हो। मुझे यकीन है कि टेस्ला उचित समय पर इस बारे में सोचेगी। उन्होंने कहा, अपनी इस यात्रा में महाराष्ट्र को एक भागीदार मानें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में अपना पहला केंद्र खोलने

## टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे कम स्कोर:वेस्टइंडीज 27 पर सिमटा

### ऑस्ट्रेलिया 176 रन से जीता; सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज की टीम किंग्स्टन टेस्ट की दूसरी पारी में 27 रन पर ऑलआउट हो गई। यह टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 1955 में न्यूजीलैंड 26 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में यह 70 साल का सबसे छोटा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 176 रन से जीत लिया। साथ ही कंगारू टीम टेस्ट सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। इस लो स्कोरिंग मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 225 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई। अपनी दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 121 रन से आगे नहीं बढ़ सकी इस तरह वेस्टइंडीज को 204 रन का टारगेट मिला।

**बोलैंड की हैट्रिक :** तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 99/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम के लिए दूसरी पारी में कैमरन ग्रीन ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से अल्जारी जोसेफ ने 5 और और



शमार जोसेफ ने 4 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स को एक विकेट मिला। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। टीम के लिए जस्टिन ग्रीव्स ही ऐसे रहे, जो दोहरे आंकड़े तक पहुंच सके। उन्होंने 24 गेंद में 11 रन बनाए। ग्रीव्स को स्कॉट बोलैंड ने आउट किया। बोलैंड ने अगली दो गेंदों में शमार जोसेफ और जोमेल वारिकन को आउट कर हैट्रिक ली। इसके बाद वेस्टइंडीज की पूरी टीम 27 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 और बोलैंड ने 3 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला।

**वेस्टइंडीज के 7 बैटर शून्य पर आउट :** वेस्टइंडीज के 7 बैटर खाता नहीं खोल सके। इनमें टीम के ओपनर जॉन कैम्बेल और कप्तान रोस्टन चेज शामिल रहे। इनके अलावा केल्वन एंडरसन, ब्रैंडन किंग, शमार जोसेफ, जोमेल वारिकन और जेडन सील्स भी शून्य पर आउट हुए।

### स्टार्क के 400 विकेट पूरे

100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने पहले ही ओवर में वेस्टइंडीज के 3 विकेट लिए। स्टार्क ने 7.3 ओवर में 9 रन देकर 6 विकेट झटके। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टार्क ने 3 मैचों की सीरीज में कुल 15 विकेट लिए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। स्टार्क ने इस मैच के दौरान अपने टेस्ट करियर में 400 विकेट भी पूरे कर लिए। वे 400 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियन हैं। उनसे पहले शेन वॉर्न, ग्लेन मैक्ग्रा और नाथन लायन 400 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं।

# ARTO संतोष पाल केस में कोर्ट ने EOW की खात्मा रिपोर्ट को किया खारिज, संदिग्ध संपत्तियों पर बिंदुवार जांच का आदेश

## फर्जी दस्तावेज, छुपाई गई करोड़ों की संपत्तियाँ और सतही जांच पर न्यायालय ने उठाए तीखे सवाल, जांच एजेंसी की कार्यशैली कठघरे में

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जांच एजेंसी यदि सच को दबा दे और सत्ता या दबाव के आगे घुटने टेक दे, तो न्याय की उम्मीद कहाँ की जाए? ARTO संतोष पाल और उनकी पत्नी रेखा पाल की बेहिसाब संपत्तियों की शिकायत पर EOW द्वारा दायर की गई खात्मा रिपोर्ट पर जबलपुर की जिला अदालत ने जो फैसला सुनाया है, वह पूरे सिस्टम के लिए चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि अधूरी, अपूर्ण और भ्रामक रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जा सकती। यह फैसला उस समय आया, जब शिकायतकताओं धीरज कुकरेजा और स्वप्निल सराफ ने खात्मा रिपोर्ट के खिलाफ ठोस आपत्ति प्रस्तुत की। उनके अधिवक्ता विजय श्रीवास्तव द्वारा पेश तथ्यों और दस्तावेजों ने EOW की जांच की परत-दर-परत पोल खोल दी।

### क्या है मामला?

वर्ष 2022 में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि तत्कालीन एआरटीओ संतोष पाल और उनकी पत्नी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं 13(1)(बी) और 13(2) के तहत पंजीबद्ध किया गया। मामला जब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ( EOW) के पास पहुंचा तो प्रारंभिक जांच की रस्मअदायगी के बाद 16 मई 2025 को अदालत में एक खात्मा रिपोर्ट पेश कर दी गई। रिपोर्ट में आरोपियों को क्लीन चिट दे दी गई...लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई।

### विरोध-पत्र ने खोली जांच एजेंसी की पोल

शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता विजय श्रीवास्तव द्वारा अदालत में जो विरोध-पत्र दाखिल किया गया, उसमें कई चौंकाने वाले बिंदु सामने आए, जिनसे साफ होता है कि EOW की रिपोर्ट न केवल अधूरी थी, बल्कि कई अहम तथ्यों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

#### 1. संपत्तियों के मूल्यांकन में भारी हेरफेर

EOW की रिपोर्ट में बताया गया कि संतोष पाल के पास केवल एक करोड़ नौ लाख की संपत्ति है, जबकि रेड पंचनामे और दस्तावेजों के अनुसार उनकी चल-अचल संपत्तियों का मूल्य तीन करोड़ चार लाख से अधिक है। इस गड़बड़ी से साफ है कि जांच एजेंसी ने जानबूझकर करीब एक करोड़ पचानबे लाख की संपत्ति को नजरअंदाज कर दिया।

#### 2. शताब्दीपुरम की संपत्तियाँ छिपाई गईं

शताब्दीपुरम में संतोष पाल के नाम पर चार प्लॉट दर्ज हैं...161, 161अ, 161इ, और 162...लेकिन EOW की रिपोर्ट में केवल दो प्लॉट की कीमत शामिल की गई। इतना ही नहीं, प्लॉट पर बने चार मंजिला भवन को सिर्फ दो मंजिला बताकर निर्माण लागत को कम दशार्या गया। प्लॉट नंबर 161 और 162 को तो पूरी रिपोर्ट से ही गायब कर दिया गया।

#### 3. पत्नी रेखा पाल के नाम की भूमि भी छुपाई गई

रेखा पाल के नाम पर रजिस्टर्ड एक भूखंड जिसकी कीमत करीब पांच लाख है, और जिस पर निर्माण कार्य भी हुआ है, उसे रिपोर्ट में शामिल ही नहीं किया गया। यह तथ्य दिखाता है कि जांच सिर्फ सतही नहीं, बल्कि पक्षपातपूर्ण थी।



#### 4. नरसिंहपुर और ग्वारीघाट की संपत्तियाँ भी गायब

ग्वारीघाट स्थित पांच मंजिला मकान, जिसकी बाजार कीमत नगर निगम के रिकॉर्ड अनुसार पैंतालीस लाख से अधिक है, को भी रिपोर्ट में कोई स्थान नहीं दिया गया। इसी तरह नरसिंहपुर जिले में स्थित अन्य संपत्तियों की जानकारी भी जांच से नदारद रही।

#### 5. हथियार और वाहनों की जानकारी में मजाक जैसा आंकलन

संतोष पाल के पास दो लाइसेंसी बंदूकें हैं...12 बोर और 32 बोर। इसके अलावा उनके पास स्कॉर्पियो गाड़ी और पल्सर बाइक है। लेकिन EOW ने इनकी कुल कीमत मात्र अस्सी-हजार-आस्सी-हजार बताकर प्रस्तुत की, जोकि बाजार भाव और संपत्ति के स्वरूप को देखते हुए बेहद हास्यास्पद है।

#### 6. किराया आय में भी गंभीर अनियमितता

रिपोर्ट में किराया आय को इकहत्तर लाख पैंतालीस हजार बताया गया, लेकिन इसके समर्थन में जो दस्तावेज लगाए गए वे अप्रमाणिक पाए गए। न किरायेदारों के पैन कार्ड की पुष्टि की गई, न ही उनके आयकर रिटर्न का सत्यापन। यहां तक कि रजिस्ट्रेशन और स्टांप दस्तावेजों की भी जांच नहीं की गई।

### अदालत ने क्या कहा?

3 जुलाई 2025 को अदालत ने यह कहते हुए खात्मा रिपोर्ट को खारिज कर दिया कि ईओडब्ल्यू ने तथ्यों की बिंदुवार और निष्पक्ष जांच नहीं की। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब इस पूरे मामले की दोबारा जांच की जाए, और प्रत्येक संपत्ति, दस्तावेज तथा आर्थिक विवरण की स्वतंत्र जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अदालत ने अप्रत्यक्ष रूप से यह भी स्पष्ट कर दिया कि पिछली जांच में लापरवाही ही नहीं, संभवतः सांठगांठ की बू भी आती है।

### अब क्या? जांच एजेंसी की अग्निपरीक्षा शुरू

अब यह जिम्मेदारी EOW की है कि वह खुद को संदेह के दायरे से बाहर निकाले और निष्पक्ष जांच कर सच्चाई को उजागर करे। सिर्फ रिपोर्ट दाखिल करना काफी नहीं होगा...इस बार अदालत सिर्फ दस्तावेज नहीं, नीयत भी तौलेगी। इस फैसले ने यह साबित कर दिया है कि यदि नागरिक सच के साथ खड़े हों, और न्यायपालिका निष्पक्ष हो, तो भ्रष्टाचार और मिलीभगत की जड़ें हिल सकती हैं। ARTO संतोष पाल केस अब सिर्फ एक व्यक्ति की जांच नहीं, बल्कि प्रणाली की साख का सवाल बन गया है। यदि जांच एजेंसी अब भी लीपापोती करती है, तो यह न केवल कानून के साथ विश्वासघात होगा, बल्कि समाज में न्याय की उम्मीदों पर भी कुठाराघात होगा। यह मामला उन सभी के लिए चेतावनी है जो सोचते हैं कि कुर्सी, रुतबा और रसूख के दम पर सच्चाई को दफ़्न किया जा सकता है। अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है...अब खानापूर्ति नहीं चलेगी, सच्चाई सामने लानी ही होगी।



"हमने न्यायालय के समक्ष तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि EOW की खात्मा रिपोर्ट न केवल असत्य और भ्रामक है, बल्कि उसमें जानबूझकर कई अहम बिंदुओं को या तो छिपाया गया या तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत इन्वेंट्री में संपत्तियों का मूल्य वास्तविक आंकड़ों से लगभग दो करोड़ कम दिखाया गया। शताब्दीपुरम की कई जमीनें और ग्वारीघाट स्थित बहुमंजिला भवन जैसे ठोस संपत्तियाँ रिपोर्ट से जानबूझकर गायब की गईं। हथियारों और वाहनों की कीमतें जिस तरह मनमाने तरीके से आँकी गईं, वह जांच की नीयत पर सीधा सवाल उठाता है। हमने यह भी दशार्या कि कथित किराया आय के नाम पर फर्जी दस्तावेज लगाए गए, जिनकी कोई वैधानिक पुष्टि नहीं है। न किरायेदारों की पहचान की गई, न ही उनके द्वारा आयकर विभाग में कोई रिटर्न दाखिल किया गया है। यह पूरा मामला आय से अधिक संपत्ति, कूट रचना और फजीर्वाड़े से जुड़ा हुआ है, लेकिन ईओडब्ल्यू ने एक प्रभावशाली अधिकारी को 'क्लीन चिट' देने के उद्देश्य से मात्र औपचारिकता निभाई। हमने अदालत से निवेदन किया था कि ऐसे गंभीर आर्थिक अपराध की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे न केवल इस प्रकरण का सच सामने आए, बल्कि जनता का संस्थाओं पर भरोसा भी बना रहे। न्यायालय ने हमारी आपत्ति को स्वीकार करते हुए खात्मा रिपोर्ट को खारिज किया, यह इस बात का प्रमाण है कि सच्चाई के पक्ष में खड़े होने पर न्याय जरूर मिलता है।"

**(विजय श्रीवास्तव, अधिवक्ता ... परिवादी धीरज कुकरेजा एवं स्वप्निल सराफ की ओर से)**



"हमने ये लड़ाई किसी व्यक्तिगत द्वेष या बदले की भावना से नहीं, बल्कि सिस्टम में बैठे भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सच को सामने लाने के लिए शुरू की थी। संतोष पाल और उनकी पत्नी ने जिस तरह अपने पद का दुरुपयोग कर बेहिसाब संपत्ति अर्जित की, वो सबके सामने है। लेकिन जब हमने सबूतों के साथ शिकायत की, तो उम्मीद थी कि जांच एजेंसी निष्पक्षता से काम करेगी। हमें सबसे बड़ा झटका तब लगा जब EOW ने बिना गहराई से जांच किए, इतनी बड़ी संपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए एक खात्मा रिपोर्ट दाखिल कर दी। इससे साफ लग रहा था कि या तो दबाव था, या फिर मिलीभगत। लाखों की संपत्तियाँ, निर्माण, गाड़ियाँ, हथियार...सब कुछ या तो कम करके दिखाया गया या पूरी तरह छुपा लिया गया। हमने न्यायपालिका पर भरोसा रखते हुए विरोध-पत्र दाखिल किया। हर बिंदु के साथ दस्तावेज और सबूत पेश किए। और आज हम संतुष्ट हैं कि कोर्ट ने हमारी आपत्ति को गंभीरता से लिया और खात्मा रिपोर्ट को खारिज कर दिया। हमारा मकसद सिर्फ ये है कि जो भी व्यक्ति जनता की गाढ़ी कमाई से वेतन ले रहा है, वो अपने पद का दुरुपयोग कर सिस्टम को गुमराह न करे। इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को सजा मिले और बाकी अधिकारियों को ये सख्त संदेश जाए कि भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ये सिर्फ हमारी नहीं, हर उस नागरिक की लड़ाई है जो चाहता है कि व्यवस्था ईमानदार हो, और जांच एजेंसियाँ सच्चाई के साथ खड़ी हों, न कि सत्ता और रसूख के आगे झुक जाएँ।"

**(धीरज कुकरेजा, शिकायतकर्ता - ARTO संतोष पाल प्रकरण)**



"जब हमने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, तब हमें उम्मीद थी कि जांच एजेंसी निष्पक्ष और ईमानदार तरीके से काम करेगी, लेकिन जिस तरह से EOW ने खात्मा रिपोर्ट तैयार की, उससे हमें गहरा आघात पहुंचा। जिन संपत्तियों को हमने खुद देखा, जिनके दस्तावेज हमारे पास थे, उन्हें जानबूझकर रिपोर्ट से गायब कर दिया गया। कई संपत्तियों का मूल्यांकन बेहद कम करके दशार्या गया, और कुछ को तो पूरी तरह रिपोर्ट में शामिल ही नहीं किया गया। ग्वारीघाट का पांच मंजिला मकान, शताब्दीपुरम के प्लॉट, पत्नी रेखा पाल की भूमि, हथियार, वाहन, नकद राशि...हर चीज को या तो नजरअंदाज किया गया या हेरफेर करके पेश किया गया। हमें यह बिल्कुल साफ दिखा कि यह रिपोर्ट सच्चाई नहीं, 'क्लीन चिट देने' के इरादे से बनाई गई थी। यही वजह थी कि हमने पूरी तैयारी के साथ अदालत में विरोध-पत्र दाखिल किया। हमने हर तथ्य का प्रमाण के साथ प्रस्तुतिकरण किया, ताकि कोर्ट के सामने पूरा सच रखा जा सके। इस केस में हम किसी से बदला नहीं ले रहे, बल्कि हम चाहते हैं कि एक सिस्टम में बैठे व्यक्ति के भ्रष्टाचार का सच सामने आए। यह केस सिर्फ ARTO संतोष पाल की जांच नहीं है, बल्कि यह एक प्रशासनिक ईमानदारी की अग्निपरीक्षा है। हमें खुशी है कि कोर्ट ने हमारी बातों को गंभीरता से लिया और EOW की रिपोर्ट को खारिज करते हुए बिंदुवार जांच का आदेश दिया। ये फैसला उन सभी आम नागरिकों के लिए उम्मीद की किरण है, जो सिस्टम में बदलाव चाहते हैं। हम यह लड़ाई अंत तक लड़ेंगे, जब तक दोषियों को उनके किए की सजा नहीं मिल जाती। हमारी लड़ाई न्याय और सच्चाई के लिए है...और अब पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता।"

**(स्वप्निल सराफ, शिकायतकर्ता - ARTO संतोष पाल भ्रष्टाचार प्रकरण)**

**मुहम्मद अनवार बाबू**

# जनसुनवाई में उम्मीदें गूंजती रहीं, सवाल यह है कि क्या जवाब भी आएंगे?



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मंगलवार की दोपहर थी। बाहर सूरज अपने पूरे तेवर में था और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भीतर उम्मीदों की भीड़ जमा थी। महिलाएं थीं, बुजुर्ग थे, कुछ नौजवान भी। कोई जमीन पर कब्जे से परेशान, तो कोई साइबर ठगी का शिकार। कुछ पति-पत्नी के झगड़े लेकर आए, तो कुछ पड़ोसियों की दरिंदगी से त्रस्त। लेकिन सबका मकसद एक ... किसी ऐसे अफसर तक पहुँचना जो "सुन" भी ले और "समझ" भी ले।



आरती लोधी डेस्क एडिटर रेवांचल टाइम्स

यह नजारा था जबलपुर एसपी ऑफिस में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई का, जहां खुद पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) लोगों की फरियाद सुनने बैठे। कुल 71 शिकायतें आईं ... हर शिकायत अपने आप में एक संघर्ष की कहानी। कुछ के चेहरे पर हौसला था, कुछ की आंखों में थकान।

### सिस्टम का आईना होती है जनसुनवाई

अब जरा सोचिए ... अगर थाने, चौकी और हल्का अफसर ही अपना काम ठीक से कर रहे होते तो ये 71 शिकायतें एसपी दफ्तर तक क्यों पहुंचतीं?

क्यों एक बुजुर्ग महिला को अपनी जमीन वापस पाने के लिए एसपी के सामने झुककर फरियाद करनी पड़ती है?

क्यों एक साइबर क्राइम का शिकार नौजवान बार-बार एक ही सवाल करता है ... "क्या मेरा पैसा वापस मिलेगा?"

क्यों?

क्योंकि सिस्टम नीचे से कहीं न कहीं फेल है।

और यही कारण है कि जनसुनवाई अब ह्यसेवाह्ण नहीं, बल्कि सिस्टम की मजबूरी बन गई है।

आदेश हुए, निर्देश मिले... लेकिन क्या जमीन हिली?

एसपी श्री सम्पत उपाध्याय ने हर शिकायत को गंभीरता से लिया। थाना प्रभारियों को त्वरित और वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ में मौजूद थे एएसपी श्री सूर्यकांत शर्मा और डीएसपी ग्रामीण श्रीमती आकांक्षा उपाध्याय। अधिकारियों की मौजूदगी भरोसा जरूर देती है, लेकिन एक सवाल फिर भी रह जाता है ...

क्या यह भरोसा सिर्फ कागज पर रहेगा या इन शिकायतों की जमीन भी कुछ बदलेगी?

क्योंकि फाइलें बहुत चलती हैं। रजिस्टर बहुत भरते हैं। लेकिन कार्रवाई... कभी-कभी केवल ठंडी फाइलों के नीचे दब जाती है।

क्या जनसुनवाई अगली बार फिर इन्हीं चेहरों को देखेगी?

यह सवाल बहुत अहम है। क्योंकि जो लोग आज अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे हैं, अगर वही चेहरे अगली जनसुनवाई में फिर दिखाई दें ... तो यह सिस्टम पर सीधा तमाचा होगा।

जनसुनवाई में आए लोगों को एक नंबर मिला, एक तारीख मिली, और एक उम्मीद भी ...

लेकिन क्या उन्हें इंसाफ मिलेगा या अगली तारीख...?

आगे क्या? सुझाव नहीं, जरूरत है सिस्टम सुधार की

शिकायतों की डिजिटल ट्रैकिंग हो

हर शिकायतकर्ता को फॉलोअप कॉल किया जाए

समाधान न होने पर सार्वजनिक कारण दर्ज किया जाए

और सबसे जरूरी ... थाना स्तर पर ही शिकायत का समाधान हो, ताकि जनता को एसपी ऑफिस की दहलीज तक न आना पड़े।

जनसुनवाई में आवाजें बहुत गूंजती हैं। कोई चीखता है, कोई रोता है, कोई चुपचाप एक कागज बढ़ा देता है।

लेकिन यह सवाल हर बार दीवारों में गूंजता है ...

क्या यह सिस्टम "सुन" रहा है या बस "सुनाई" दे रहा है?

क्योंकि जनता को भाषण नहीं, समाधान चाहिए।

एसपी महोदय की नीयत पर कोई सवाल नहीं ...

लेकिन व्यवस्था की जवाबदेही तय करना अब वक्त की जरूरत है।

वरना जनसुनवाई सिर्फ एक दिन की उम्मीद बनकर रह जाएगी, और बाकी के दिन ... वही पुरानी चुप्पी

**आरती लोधी**

# पवन एक्सप्रेस की पेंट्री बनी बीमारी एक्सप्रेस!

## रेलवे मजिस्ट्रेट की छापेमारी में खुला पोल-खोल सिस्टम

### अब जरा ध्यान से पढिये

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** ये कहानी किसी दूर-दराज गांव की नहीं, किसी तीसरे दर्जे के स्टॉल की नहींङ्घ ये कहानी है भारतीय रेलवे की ... और उसमें भी चलती ट्रेन की उस पेंट्री की, जहां खाने के नाम पर परोसी जा रही है गंदगी, बदबू और अनदेखी। जबलपुर-इटारसी रेलखंड पर शुक्रवार को जब पवन एक्सप्रेस (Train No. 11062) जबलपुर से पिपरिया जा रही थी ... तो उसमें एक "अचानक" घुसपैठ होती है। घुसपैठ ... किसी अपराधी की नहीं, बल्कि स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश सागर की, जो कानून के हाथ लेकर निकले थे ... रेलवे की व्यवस्था की गर्दन पकड़ने। पेंट्री में समोसे खुले पड़े थे और लापरवाही भी!

जांच में सामने आया कि पेंट्रीकार में समोसे ऐसे खुले में रखे थे, जैसे स्वास्थ्य विभाग ने कोई छुट्टी ले ली हो।

कोल्ड ड्रिंक की बोतलें भी कुछ ऐसी हालत में थीं, जैसे एक्सपायरी डेट और भरोसे का पोस्टमार्टम साथ-साथ हुआ हो।





मजिस्ट्रेट साहब ने सैंपल लिए, लैब भेजे, और साफ कहा ... "ये सब कुछ खाद्य सुरक्षा नियमों का सीधा उल्लंघन है।"

मतलब साफ है ... ट्रेन चल रही है, सफर भीङ्घ लेकिन सेहत की कीमत पर!

बिना टिकट के भी सफर जारी, और टिकट वालों के लिए बीमारी फ्री!

### अब जरा ध्यान दीजिए!

जब मजिस्ट्रेट ने टिकट चेक किया ... तो कई लोग बिना टिकट पाए गए। कुल मिलाकर ?47,000 का जुमार्ना वसूला गया।

मतलब ... कुछ लोग तो पैसे देकर बीमारी खा रहे थे, और कुछ बिना टिकट लापरवाही के सफर में सवार थे।

कैंप कोर्ट में 250 केस निपटे, ?2 लाख से ज्यादा वसूले पिपरिया में लगे कैंप कोर्ट में रेलवे ने 250 पुराने मामलों का निपटारा किया और ?2,16,500 रुपये की वसूली कर डाली। यहाँ जुमार्ना सिर्फ लोगों पर नहीं, बल्कि सिस्टम की उस सोच पर लगना चाहिए ... जो कहती है कि चलता है

### अब सवाल सीधा है

क्या ट्रेन की पेंट्री खाने के लिए है, या एक्सपेरिमेंट के लिए? क्या बिना टिकट सफर करने वाले ही गुनहगार हैं, या वो भी जो घटिया खाना बेचने की खुली छूट दे रहे हैं? क्या रेलवे सिर्फ डब्बों और सीट नंबर से चलती है, या उस भरोसे से जो हर यात्री लेकर चढ़ता है? यही समय है पूछने का ... कि क्या भारतीय रेलवे में सफर, सुविधा है या समझौता?

मैं हूं मोहम्मद अकरम अंसारी, और इस रिपोर्ट में मैं सिर्फ एक ट्रेन की बात नहीं कर रहाङ्घ

मैं बात कर रहा हूं एक सिस्टम की, जो समोसे में स्वाद नहीं, सड़ा हुआ सिस्टम परोस रहा है।

अब आपकी बारी है पूछने की ... "क्या यही है वो विकास की गाड़ीङ्घ जो स्वाद के नाम पर बीमारी और व्यवस्था के नाम पर मुनाफा बेच रही है?"

**रिपोर्ट मोहम्मद अकरम अंसारी**

# नागरिकों को सुविधाएॅ देने वाली संस्था है नगर निगम: महापौर अन्नू

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा आज राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, एवं अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर सहित सभी राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान महापौर अन्नू ने राजस्व अमले को दो टूक शब्दों में कहा कि नगर निगम शहर विकास और नागरिकों को राहत देने वाली संस्था है। नगर निगम नागरिकों को सुविधाएॅ प्रदान करती है। इसलिए आप सभी लोग करों की गणना और करों की वसूली की प्रक्रिया को और अधिक सरलीकरण के साथ पारदर्शी रखना चाहिए, ताकि करदाताओं को भी सारी चीजें समझ आए। महापौर ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर सही-सही जानकारी एकत्रित कर करदाताओं से सम्पर्क कर शहर विकास के लिए करों की राशि निगम में जमा करने प्रेरित करें। महापौर ने सभी को यह भी निर्देशित किया कि 60 दिन के अंदर बकाया समस्त करों की राशि शहर विकास के लिए निगम कोष में जमा कराएॅ। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि वसूली के कार्यो में कोई लापरवाही करता है तो संबंधितों को राजस्व विभाग से अलग करके दूसरे विभागों में पदस्थ किया जायेगा और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल मोल बाजार जबलपुर (म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592

# डबल लालच देकर करते धोखाधड़ी करने एवं आनलाईन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पदार्फाश, 7 आरोपी गिरफ्तार

## 3 टेबलेट, 13 मोबाईल, 20 सिम कार्ड, 40 पासबुक, 55 एटीएम 25 हजार नगद जप्त



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले में गेमिंग एप में दोगुना तिगुना रकम देने का लालच देकर धोखाधड़ी और आनलाईन सट्टा जैसे साइबर अपराधों की लगातार खबर प्रकाशन और शिकायतों के बाद एक्टिव हुई अनूपपुर जिले की पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए इस गिरोह के कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से 05 आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा इन्दौर से गिरफ्तार किया गया है ।शेष दो आरोपी कोतमा थाना क्षेत्र के हैं। 12 जुलाई 2025 को फरियादी दीपक राठौर पिता बेसाहूलाल राठौर उम्र 35 वर्ष निवासी अनूपपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान से मिलकर शिकायत दी गई कि संस्कार जायसवाल एवं घनश्याम बसोर दोनो निवासी कोतमा द्वारा गेमिंग एप में पैसा लगाकर पैसा दोगुना, तिगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर पांच हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है । उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 350/25 धारा 318(4),3(5),112 बी.एन.एस. 4(क) पब्लिक गैम्बलिंग ऐक्ट पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी संस्कार जायसवाल पिता भरत जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 05 कोतमा एवं घनश्याम बसोर पिता स्व. मोटू बसोर उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 09 शिव मंदिर के पीछे कोतमा को गिरफ्तार करने पर खुलासा हुआ कि उक्त गिरोह का नेटवर्क इन्दौर शहर से चलाया जा रहा है। इन्दौर के प्लेटिनम पैराडाइज कालोनी के फ्लैट में रहकर भिलाई (छ.ग.) निवासी मोहम्मद कैफ एवं मोहम्मद रिजवान के द्वारा आनलाईन गेमिंग एप 11७ स्र‍्"८ और`८ां१स्र‍्"८ में आनलाईन सट्टा से दोगुना और तीन गुना रकम का लालच देकर धोखाधड़ी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा इन्दौर भेजी गयी संयुक्त टीम के द्वारा रेड कार्यवाही कर पांच आरोपियों प्रवीण पण्डित, सानित मानिकपुरी, सारिक अली, रोहित जोशी, आकाश कटारे को इन्दौर से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली अनूपपुर लाया गया है । पुलिस द्वारा अब तक गिरफ्तार आरोपियो से वारदात में प्रयुक्त 03 टेबलेट, 13 एण्ड्रायड मोबाईल फोन, 20 सिम कार्ड, 40 पासबुक, 55 एटीएम कार्ड एवं 25 हजार रुपए नगदी जप्त किये गये है एवं आरोपियो के बैंक एकाउण्ट फ्रीज करा दिये गये है । पुलिस द्वारा आरोपीगणों का पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर पूछताछ की जा रही है । गिरफ्तार आरोपियो के द्वारा अनूपपुर जिले के अन्य आरोपियो के बारे में भी खुलासा किया है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भेजी गई है। उक्त गिरोह के द्वारा वारदात को अंजाम देने के लिए विभिन्न बैंको में खोले गये म्यूल बैंक एकाउण्ट की जानकारी भी एकत्र की जा रही हैं।

# डेंटिंग पेंटिंग से मिली पक्षी राज को ठेका, बीच बाजार खड़ी हुई कंडम बस, निःशुल्क छात्र परिवहन सेवा की खुली पोल




**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के मानपुर शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के विद्यालय आवागमन की सुविधा की दृष्टि गत निःशुल्क बस परिवहन सेवा का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक मीना सिंह के कर कमलों के द्वारा किया गया था, उक्त परिवहन सेवा के रूट क्रमांक-7 दमना रूट की बस क्रमांक एमपी 18 पी 5587 जब तकरीबन 11:00 बजें अपने रूट के गांव के बच्चों को विद्यालय लेकर आ रही थी, तभी मानपुर-ब्योहारी मुख्य मार्ग पर ही पुरानी बाजार तिराहे के पास बंद पड़ गई, जिसे बस में सवार स्कूली बच्चों के द्वारा चालक और परिचालक द्वारा धक्का मरवाकर स्टार्ट करवाए जाने की भी खबर है, यहां पर सबसे बड़ी बात तो यह है कि बच्चों और बस के स्टाफ के द्वारा यह मशक्कत करने के बाद यह खुलासा हो पाया कि इसका डीजल ही खत्म हो गया है, जिसके बाद डीजल मंगाया गया और फिर बस में डालकर स्टार्ट भी किया गया, लेकिन फिर भी उक्त स्कूल बस स्टार्ट होकर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सकी। जन चर्चा का विषय है कि सरकार द्वारा आनन-फानन में वाहवाही लूटने के लिए उक्त बस परिवहन सेवा का संचालन पुरानी और कंडम बसों की डेंटिंग पेंटिंग कराकर शुरू तो कर दी गई, लेकिन उत्कृष्ट विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं हेतु निःशुल्क परिवहन कि इस सौगात की उद्घाटन दूसरे दिन ही पोल खुल गई ,सूत्रों की माने तो उक्त योजना में भी जिम्मेदारों के द्वारा पतीला लगाकर बंदर बांट की गई है, जिसकी बानगी उत्कृष्ट विद्यालय मानपुर के सामने खड़ी हुई उक्त सेवा की पक्षीराज बस सर्विस की एक और कंडम बस रूट क्रमांक-3 बल्हौंड़ एमपी 18 पी 7282 का अवलोकन करने पर स्पष्ट रूप से देखी गई, जिसे जल्दी बाजी के चलते ठीक से रंगाया पोताया तक नहीं जा सका ऐसे में शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय मानपुर में अध्यनरत दूर दराज के ग्रामीण विद्यार्थी निर्धारित समय पर विद्यालय तक कैसे पहुंच पाएंगे और कैसे अपना भविष्य निर्माण कर पाएंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, विदित हो कि अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु निशुल्क बस परिवहन सुविधा के तहत शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में कुल 9 बसें आबंटित की गई है, उक्त योजना का विधिवत संचालन कल ही किया गया है।

# आम आदमी पार्टी ने नगर में संगठन विस्तार को लेकर की बैठक, स्वास्थ्य व सफाई मुद्दों पर हुई चर्चा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** आम आदमी पार्टी ने आज बिजुरी नगर में एक विशेष बैठक आयोजित कर संगठन के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को उठाने तथा उन्हें हल करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर में स्वास्थ्य विभाग की भारी लापरवाही और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर चिंता व्यक्त की गई। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जिससे आम नागरिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त सफाई व्यवस्था में घोर अनियमितताओं को लेकर भी आंदोलन चलाने की रणनीति पर विचार किया गया। कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि किस प्रकार ग्रामीण जनता को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जा सकता है। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया कि वे जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को शासन



तक पहुँचाएंगे और प्रत्येक व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने का प्रयास करेंगे।बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संगठन विस्तार की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जिला न्यायालय परिसर में में दिखा नाग-नागिन का प्रेम मिलन, देखने वालो की लगी भीड़

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** सावन महीना शुरू होते ही नाग-नागिन का जिक्र होना भी शुरू हो जाता है, यह महीना भगवान शिव के अलावा नाग की भी पूजा होती है। सावन मास में सांप के जोड़े कई जगहों पर नृत्य करते हुए मिल जाते हैं। सावन के प्रथम सोमवार के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह जिला सत्र न्यायलाय परिसर में नाग-नागिन का नृत्य लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। इस दृश्य को न्यायालय के कर्मचारियों सहित अन्य जनों ने अपने मोबाईल कैमरे में कैद कर लियें। सावन माह के पहले सोमवार के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह जिला सत्र न्यायलाय परिसर अनूपपुर में नाग नागिन के प्रेम मिलन का एक ऐसा नजारा दिखा जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। करीब आधा घंटे तक नाग नागिन का जोड़ा प्रेम



मिलन में डूबा रहा, जैसे-जैसे लोगों तक इस जानकारी पहुंची तो इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई और वीडियो बनाने लगे। जैसे ही नाग नागिन के प्रेम मिलन में खलल पड़ गया और ये जोड़े झाड़ियों में गायब हो गए। फिलहाल लोगो द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सावन के महीने में नाग-नागिन का नृत्य या समागम एक आम घटना नहीं है, लेकिन इस दौरान सांपों को अक्सर जोड़ा बनाते और अठखेलियां करते देखा जा सकता है। यह दृश्य लोगों के लिए आकर्षक होता है और इसे शुभ माना जाता है, खासकर सावन के महीने में जब भगवान शिव और नागों की पूजा की जाती हैं। सावन का मौसम अमूमन सभी जानवरों के लिए मेटिंग का समय होता है। सर्फ विशेषज्ञ शशिधर अग्रवाल एवं छोटेलाल यादव के अनुसार सावन में नाग-नागिन का जोड़ा दिखाई देता है, तो उन्हें परेशान न करें, उन्हें देखने का आनंद लें, वह आपके रास्ते में हैं, तो उन्हें धीरे से दूर जाने दें, कोई खतरा महसूस होता है, तो स्थानीय अधिकारियों या सर्फ प्रहरियों से संपर्क करें।

# एलआईसी एजेंट बनकर 15 लाख की ठगी, सेवानिवृत्त कर्मचारी से झांसा देकर पैसा हड़पने का मामला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** ग्राम पोड़ी, थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश) निवासी रामफलई, जो कि एसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, को उनके ही पड़ोसी और कथित एलआईसी एजेंट पूरन केवट द्वारा 15 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। पीड़ित ने बताया कि पूरन केवट ने खुद को बैंक और बीमा एजेंट बताकर पहले भरोसा दिलाया और फिर ज्यादा ब्याज के नाम पर एफडी और बीमा में निवेश कराने का झांसा दिया। पूरन केवट ने रामफलई को पहले स्टेट बैंक जमुना कालरी ले जाकर 9 लाख रुपये की ऋछुतुड़वा कर कैश निकलवाया। इसके बाद उन्हें अपने वाहन में बैठाकर कोतमा ले गया और कहा कि वहीं पैसे जमा होंगे और ज्यादा ब्याज मिलेगा। एक कमरे में बैठाकर बहला-फुसलाकर पैसे जमा करने की बात कही। इसके बाद रामफलई को एक लाख रुपये और निकालने को कहा गया, यह कहकर कि बैंक में जमा करने से और



अधिक ब्याज मिलेगा। पीड़ित रामफलई के अनुसार, उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर एलआईसी में 5 लाख जमा करने की बात पर विश्वास कर पूरन केवट को पैसे दिए, जिसने एलआईसी ऑफिस ले जाकर फॉर्म भरवाया, लेकिन बाद में केवल 1 लाख की पॉलिसी दी और बाकी 4 लाख की कोई रसीद नहीं दी गई। जब रामफलई ने बैंक पासबुक चेक किया तो उसमें केवल ?49,410/- वढकसे भेजा गया पाया गया, बाकी रकम का कोई अता-पता नहीं था। पीड़ित ने बताया कि पूरन केवट पहले भी अन्य लोगों के साथ इस प्रकार की ठगी कर चुका है। इस पूरे मामले में पीड़ित ने भालूमाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित की मांग है कि बैंक के सीसीटीवी फुटेज और दस्तावेजों की जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि पूरन केवट खुद को सत्ता पक्ष भारतीय जनता पार्टी का राजनेताओं और अधिकारियों के साथ नजदीकी दिखाकर लोगों को विश्वास में लेकर उनके साथ ठगी करता है। पूर्व में भी उस पर ऐसे आरोप लग चुके हैं जिन पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**इनका कहना है।**

आवेदक के द्वारा तीन दिन पहले थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें जांच अधिकारी पेशी में गए हुए थे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत किया जाएगा।

**संजय खलखो,**
**थाना प्रभारी, भालूमाड़ा**

# चार जंगली हाथियों का आतंक, गांवों में घुसकर मचाया तांडव, घरो में की तोड़फोड़, फसल को किया बर्बाद

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले में चार जंगली हाथियों का मूवमेंट लगातार बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार तड़के इन हाथियों ने उधिया गांव की बस्ती में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया, खेतों की फसलें बर्बाद कर दीं और कई घरों में तोड़फोड़ की। हाथियों का यह झुंड पिछली रात शहडोल-बुढार हाईवे तक पहुंच गया था, जिससे एहतियातन कुछ देर के लिए हाईवे को बंद करना पड़ा। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बीते कुछ दिनों से जिले में चार जंगली हाथियों का लगातार मूवमेंट बना हुआ है। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक 15 घंटे के भीतर ये हाथी विचारपुर, कंचनपुर, हररी और धुरवार गांवों की बस्तियों से गुजरते हुए लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। इस दौरान इन हाथियों ने कई घरों व खेतों में तोड़फोड़ और नुकसान किया। मंगलवार सुबह ये हाथी उधिया गांव की आबादी क्षेत्र में घुस आए और भुट्टे सहित कई फसलों को खा गए। गांव के किसानों ने बताया कि हाथियों ने कई बाड़ियों और खेतों में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण



रमेश ने बताया, ह्रहाथी गांव के बीचों-बीच पहुंच चुके हैं, खेतों को बर्बाद कर दिया है, हमें डर है कि अगर इन्हें जल्द हटाया नहीं गया, तो और नुकसान होगा। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने जानकारी दी कि हाथी सोमवार रात धुरवार टोल प्लाजा के पास शहडोल-बुढार हाईवे पर आ गए थे। इसके चलते हाईवे को कुछ समय के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बंद करना पड़ा। वहीं, पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी छतों से हाथियों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों को जल्द से जल्द आबादी से दूर खदेड़ा जाए, ताकि जान-माल का नुकसान रोका जा सके।

# एकलव्य विद्यालय पाली में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अधिकारियों व विद्यार्थियों ने ली शपथ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देश अनुसार पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित,थाना प्रभारी राजेश मिश्रा की उपस्थिति में एकलव्य शासकीय बरबसपुर पाली में नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया गया एवं विद्यार्थियों को नशा न करने व नियमों का पालन करने के लिए जागरूक व प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। एसडीओपी शिवचरण बोहित ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने बारे लोगों को जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए पुलिस



के द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए संकल्प लेना जरुरी है। युवा टीम उमरिया के टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देती हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें।

# शिकारपुर बगडूमरा में चल रहा लाखों का अवैध जुआ अड्डा, 52 परियाँ नाच रहीं, प्रशासन मौन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम शिकारपुर बगडूमरा, जो छत्तीसगढ़ सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है, वहाँ इन दिनों अवैध गतिविधियों का गढ़ बनता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त क्षेत्र में बड़े स्तर पर जुए का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लाखों रुपयों की बाजी लगाई जा रही है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस जुए के अड्डे में मनोरंजन के नाम पर 52 परी का खेल खेला जा रह हैं, जिससे माहौल और अधिक अश्लील और असामाजिक हो गया है। ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर भारी आक्रोश है, परंतु प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस अवैध जुआ




संचालन में बाहरी और प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत है, जिस कारण पुलिस व प्रशासन आंखें मूंदे हुए है। छत्तीसगढ़ बॉर्डर की निकटता का फायदा उठाते हुए जुआ संचालक यहां खुलेआम कानून का उल्लंघन कर रहे हैं।ग्रामीणों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक अनुपपुर से मांग की है कि इस अवैध जुए के अड्डे पर तुरंत छापामार कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

**इनका कहना है।**

हमारे क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार का जुआ का कारोबार नहीं हो रहा है गलत जानकारी का प्रचार किया जा रहा है।

**संजय खलको थाना प्रभारी भालूमाड़ा**

## जिले में अब तक 594 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

### वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 904 मि.मी. एवं खैरलांजी तहसील में सबसे कम 243 मि.मी. वर्षा रिकार्ड बीते 24 घंटे में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 15 जुलाई 2025 तक 594 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 293 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 15 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को प्रातः 8ः00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 27 मिलीमीटर, वारासिवनी में 05 मिलीमीटर, बैहर में 19 मिलीमीटर, लांजी में 20 मिलीमीटर, कटंगी में 00 मिलीमीटर, किरनापुर में 00 मिलीमीटर, खैरलांजी में 01 मिलीमीटर, लालबर्रा में 15 मिलीमीटर, बिरसा में 03 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 37 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 00 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। चालू वर्ष सत्र में 01 जून से 15 जुलाई 2025 तक बालाघाट तहसील में 781 मिलीमीटर, वारासिवनी में 904 मिलीमीटर, बैहर में 756 मिलीमीटर, लांजी में 292 मिलीमीटर, कटंगी में 621 मिलीमीटर, किरनापुर में 535 मिलीमीटर, खैरलांजी में 243 मिलीमीटर, लालबर्रा में 710 मिलीमीटर, बिरसा में 423 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 702 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी तहसील में 569 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में चालू वर्षा सत्र में अब तक कुल 594 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। चालू वर्ष सत्र में जिले में सबसे अधिक 904 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में और सबसे कम 243 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में बालाघाट तहसील में 328 मिलीमीटर, वारासिवनी में 366 मिलीमीटर, बैहर में 391 मिली., लांजी में 185 मिली., कटंगी में 260 मिलीमीटर, किरनापुर में 199 मिली., खैरलांजी में 147 मिली., लालबर्रा में 294 मिली., बिरसा में 337 मिली., परसवाड़ा में 373 मिली. और तिरोड़ी तहसील में 347 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।

### एक महिला गांव की तीन दर्जन से अधिक महिलाओं के नाम से लोन लेकर हो गई फरार

## अब माइक्रो फाइनेंस कंपनी वाले महिलाओं को लोन जमा करने बना रहे दबाव पुलिस थाने मे महिलाओं ने की शिकायत, ग्राम बोड़ुन्दाकला का मामला





**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़ुन्दाकला की तीन दर्जन से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों ने पुलिस थाना किरनापुर पहुंचकर ग्राम की ही एक महिला जानका बाई नोनारकर द्वारा गांव की अनेक महिलाओं को गुमराह करते हुए एवं झांसा देकर अलग अलग महिलाओ के नाम से लोन लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने मे शिकायत की है।

बताया गया है कि जानका बाई नोनारकर द्वारा ग्राम बोड़ुन्दाकला की समूह की महिलायें से वेक विटास कम्पनी, स्वतंत्र कम्पनी, अन्पूर्णा फायनेंस, ग्रामीण कोटा, नेमी फिन्स कम्पनी व अन्य कम्पनीयों के द्वारा समूह के आवेदिकाओ/रिपोर्टकर्ता के नाम से लोन लिया गया है। उक्त लोन लेते समय आवेदिका गणो के ही दस्तावेज मांगी थी। और लोन स्वीकृत होने के पश्चात् उक्त राशि अनावेदिका जानका बाई ही रखती व स्वयं खर्च भी करती थी। और बदले में उक्त लोन की सभी किस्त अनावेदिका के द्वारा ही जमा किया जाता था। और उनको यह आश्वासन देती थी। की लोन सिर्फ तुम्हारे नाम से रहेगा। और उसकी सारी किस्त एवं सारी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी। अनावेदिका जानका बाई नोनारकर दिनांक 01/07/2025 के रात को समूह की महिलायें को बिना बताये फरार हो गई जिससे फायनेंस कम्पनी वाले लोन की किस्त अदा ना होने पर अभी वर्तमान में आवेदिकाओ/रिपोटकर्ता के घर दबाव डाल रहे है। और कहते है की लोन की राशि तुम नही चुकाओगे तो हम तुम्हारे घर में ताला लगा देंगे। ऐसी धमकी आय दिन उने ऐजेन्ट द्वारा दी जाती है। जिससे आवेदिकागण घबरा गई और उनको इस बात की जानकारी नही थी की अनावेदिका लोन की राशि नही पटायेंगी अनावेदिका द्वारा बहेला फुसला अलग-अगल कम्पनीयों से लोन उठाकर स्वयं लोन की राशि इस्तेमाल कर अनावेदिका फरार हो गई जिसकी जानकारी समुह की महिलायें द्वारा पता साजी किये पर अनावेदिका का कोई पता नही चला और वर्तमान अनावेदिका कहां है। इस बात की कोई जानकारी नही है।

इसके अलावा उसने सुरेखा वाघाडे पति रविन्द्र वाघाडे, एवं यशोदा वाघाडे पति राजेश वाघाडे निवासी बोड़ुन्दाकला के घर से दो मंगल सुत्र एवं एक जोडी पायल लगभग किमत 2,00,000/- दो लाख रूपये के जेवरात इस आशय से मांगी की मैं शादी जा रही हूँ।

इसलिये तुम मुझे जेवर दे दो मैं 2 दिन में शादी से वापस आकर जेवर वापस कर दूंगी। किन्तु जेवर वापस नही की तब उक्त जेवर के बारे में पता साजी किये तो जोवर ग्राम खारा में सोने चांदी की दुकान में गिरवी रखी है। तब सुरेखा वाघाडे एवं यशोदा वाघाडे द्वारा सोने चांदी की दुकान ग्राम खारा में जाकर पुछताछ किये तो दुकानदार ने बोला की ये जेवर मेरी दुकान में जानकाबाई पति विजय कुमार के द्वारा रखा गया है। और बदले में 50,000/- पांच हजार रूपये की राशि ली है। और अनावेदिका जानका बाई नोनारकर दिनांक 01/07/2025 की रात्रि को फरार हो गई। ऐसी स्थिति में अनावेदिका के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कर गांव की महिलाओं को न्याय दिलवाए जाने की मांग कर शिकायत पत्र किरनापुर थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा को सौंपा है।

## विशेष अभियान के तहत जिला जेल बालाघाट में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में विशेष अभियान 'विधिक सेवा-प्रकृति की रक्षा' 'पंच-ज' अभियान अंतर्गत जिला जेल बालाघाट के परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट सतीष शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक रामलाल सहलाम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया। यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 15 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे विद्यालय, महाविद्यालय, शासकीय संस्थानों, ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जायेगा।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी में सब्जी उत्पादन और नर्सरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में सब्जी उत्पादन और नर्सरी प्रबंधन के साथ कृषि उद्यमिता पर एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 जुलाई को सम्पन्न किया गया। आरसेटी निदेशक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को कृषि उद्यमों के लिए महत्वपूर्ण कौशल से सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण परिणाम सभी प्रशिक्षुओं को क्रेडिट लिंकेज से जोड़ने की पहल है। सभी प्रतिभागियों के लिए जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऋण के लिए आवेदन किए गए हैं, जो सफल कृषि उद्यमी बनने की दिशा में उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाएगा। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से 40 स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने उद्यमिता गुणों, कृषि उद्यमिता और नर्सरी प्रबंधन तकनीकों में मूल्यवान ज्ञान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग से मास्टर ट्रेनर्स की एक विशेषज्ञ टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें वरिष्ठ विस्तार अधिकारी प्रतिभा टेम्भरे, सहायक उपनिरीक्षक शमनोज पटले, कृषि विस्तार अधिकारी वर्षा गेडाम और कृषि विस्तार अधिकारी विकास चौधरी शामिल थे। कार्यक्रम का कुशल समन्वय अंकित लिल्हारे और अनीता चौधरी द्वारा किया गया।

## कुमादेही एवं खुरमुंडी में सर्पदंश से बचाव के लिए जन जागृति कार्यशाला का हुआ आयोजन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला सेनानी रजनी खटीक के मार्गदर्शन में जिले में सर्पदंश से बचाव के लिए निरंतर जनजागृति कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

इसी कड़ी में 15 जुलाई को परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कुमादेही तथा खुरमुंडी के ग्राम पंचायत भवन में सर्प दंश से होने वाली घटना एवं घटना में सावधानियॉ, लक्षण, आपातकालीन नम्बर एवं पीडित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के उपाय के संबंध में अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों के द्वारा सर्पदंश जन जागृति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद अध्यक्ष सम्पत्त सिंह धुर्वे, पटवारी ज्ञानी सिंह कुसरे सचिव युवराज पटले, किशन टेकाम की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में पटवारी, सचिव, आगनवाडी एवं ग्रामीणजन सहित दोनो ग्रामों के लगभग 70 से 80 व्यक्ति उपस्थित रहे। जन जागृति कार्यशाला के प्रभारी महेश कुमार उइके एएसआई, कमलेश मेरावी, राजेश धुर्वे, आशीष खरोले एवं वाहन चालक चितेश्वर राहंगडाले उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केंद्र क्रं. 34 में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया व परियोजना अधिकारी शैलेंद्र चौकसे के मार्गदर्शन में बालाघाट शहरी परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 34 गंगा नगर में 15 जुलाई 2025 को आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. खुशबू मेश्राम द्वारा समस्त बच्चों, किशोरियों, गर्भवती, धात्री व वृद्ध महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गई। साथ ही कुपोषित बच्चो की जांच कर एनआरसी में भर्ती करवाने के लिए समझाइश दी गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने कार्यकर्ता के द्वारा किये गए वजन ऊंचाई का सत्यापन समक्ष में किया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक श्रीमती अंजना दुबे, श्रीमती नेहा ठाकुर, आयुष विभाग से श्रीमती वंदना राजपूत एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल चिचगांव की दो शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने 09 जुलाई को लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत हाईस्कूल चिचगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा था। शाला के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर होने के बाद भी दो शिक्षिकायें शाला में उपस्थित नहीं थी। जिस पर दोनों को शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने हाईस्कूल चिचगांव के निरीक्षण के दौरान शाला की अकादमिक गतिविधियों की समीक्षा की थी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में माध्यमिक शिक्षक श्रीमती एकता सोनवाने एवं श्रीमती संगीता पटले उपस्थित नहीं थी। जबकि शाला की उपस्थिति पंजी में उनके द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे। इस पर इन दोनों माध्यमिक शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। दोनों शिक्षिकाओं को तीन दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने शाला के निरीक्षण में पाया था कि शाला में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किये गये है और बच्चों की प्रेक्टिकल फाईल नहीं बनाई गई हैं। उन्होंने हाईस्कूल के प्राचार्य को प्रेक्टिकल कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में हाईस्कूल चिचगांव में 14 जुलाई से प्रेक्टिकल कार्य प्रारंभ कर दिये गये हैं।

## तहसील कार्यालय लामता के भृत्य पर निलंबन की कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा ने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय लामता के भृत्य काशीराम मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय कार्यालय कलेक्ट्रेट बालाघाट निर्धारित किया गया है। तहसील कार्यालय लामता द्वारा 10 जुन 2025 को 41 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण एसडीएम कार्यालय बालाघाट में जमा करने के लिए भृत्य काशीराम मेरावी को दिये गए थे। लेकिन उसके द्वारा यह प्रकरण एसडीएम कार्यालय में जमा नही किये गए और तहसीलदार लामता को प्रकरणों के गुम हो जाने की सूचना दी गई। इस पर भृत्य काशीराम को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उसके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## विश्व कौशल दिवस पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 15 जुलाई को विश्व कौशल दिवस एवं वोकल फार लोकल विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान 6 मप्र बटालियन के ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में एनसीसी कैडेट्स को मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर आनंद सिंह पारधी ने वाकल फॉर लोकल और स्किल पर व्याख्यान दिया और बताया कि भारत सरकार सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) के लिए नागरिकों को स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने और स्व रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में वस्तुओं और सेवाओं के भी निर्माण और उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है। वोकल फॉर लोकल अभियान स्थानीय उत्पादों की मांग को बढ़ावा देने का एक अच्छा तरीका है, और इसीलिए घरेलू उद्योगों के लिए भी जब खपत बढ़ेगी तो यह उद्योग धीरे-धीरे आगे बढ़ सकते हैं और बाहरी फंडिंग पर निर्भर कम हो सकते हैं। जिससे राष्ट्र के उन्नति का मार्ग सुदृढ़ होगा कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी डॉक्टर गजानन कटरे के द्वारा किया गया।

## आरबीएसके दल ने ग्राम घोटी के स्कूल में की छात्रों की स्क्रीनिंग





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट जिला अंतर्गत विकासखंड लांजी के ग्राम घोटी के हाईस्कूल में 15 जुलाई को आरबीएसके टीम द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही छात्रों के हीमोग्लोबिन की जांच कर एनीमिक बच्चों को 03 माह के लिए थैरेपियूटिक डोज के रूप में आयरन की गोली एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थ खाने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय समन्वयक के द्वारा आयरन गोली के फायदे, खाने की विधि, आरन युक्त खाद्य पदार्थ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान आरबीएसके टीम की डॉ. नीलिमा वाहने, एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय संयोजक राजवल्लभ ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य सीएल रणदीवे, एएनएम, उमंग हेल्थ काउंसलर शिव हरीनखेरे एवं स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।